## गुस्ताखी माफ



गुरू पूर्णिमा पर किया, गुरु का यूं सत्कार।
गुरू दक्षिणा में दिया, सिर के ऊपर वार।
सिर के ऊपर वार, अजब है इनका चक्कर।
गुरू-शिष्य में बड़ी, आजकल होती टक्कर।
कह साहिल कविराय, समय है टेढ़ा आया।
सबक सिखाने लगा, सबक था जिसे पढ़ाया।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 203 | FRIDAY 31-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# पहली भारी बरसात से ही निगम के विकास कार्यों की हुई तक दिना दिन

## बारिश से डूबा लुधियाना, कहीं सड़क धंसी तो कहीं कार पलटी, सीवरेज में गिरा बुजुर्ग

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। लुधियाना नगर निगम के उच्च अधिकारियों से लेकर नीचले सत्र के मुलाजिमों तक और हाउस के लीडरों द्वारा कुछ दिन पहले तक शहर की सीवरेज पाइपलाइन की सफाई कराने और ड्रेनेज सिस्टम दरुस्त करने के दावे किए जा रहे थे। लेकिन वीरवार को सावन महीने की पहली भारी बारिश ने ही अफसरों और लीडरों के दावों की पोल खोलकर सामने रख दी है।

कुछ घंटों की बरसात के बाद शहर का ऐसा कोई एरिया और एरिया नहीं जहां पानी न भरा हो। इस दौरान कई जगह सड़क धंस गई तो कहीं कार पलट गई। जबकि एक जगह तो बुजुर्ग सीवरेज के मेनहोल में जा गिरा। जिससे वे जख्मी हो गए। निगम अफसरों और हाउस लीडरों द्वारा पूरे शहर की सीवरेज प्रणाली को साफ करने और ड्रेनेज सिस्टम दरुस्त करने की बात कही गई थी। जिसके लिए करोडों रुपए के टेंडर भी लगाए गए। लेकिन फिर भी इन खर्च किए पैसों का असर देखने को नहीं मिला। पूरा दिन पूरा शहर पानी में डूबा रहा। बताया जा रहा है कि पंजाब-चंडीगढ़ में अगले 2 दिन भारी बारिश का अलर्ट है।



वॉर्ड 72 की मिड्ढा चौक रोड पर कूड़ा ही कूड़ा दिखा



न्यू सुंदर नगर में भरा पानी और कूड़ा

### जालियों की भी नहीं हुई सफाई

चर्चा है कि सड़कों की साइड़ पर लगी जालियों की भी सफाई नहीं की गई। जिस कारण बारिश का पानी जालियों में गया और गंदगी के कारण वे बंद हो गई। जिससे पानी आगे सीवर लाइनों तक पहुंचा नहीं और ओवरफ्लो होने से सारा पानी सड़कों पर आ गया।

### पक्खोवाल पर सड़क धंसने से गिरी कार



पक्खोवाल रोड स्थित गुरदेव नगर के श्री गुरु तेग बहादुर साहिब चौक के पास वीरवार सुबह एक कार जा रही थी। इसी दौरान चालक ने सामने से आ रही कार को पासिंग देने के लिए अपनी कार साइड पर रोक दी। इस बीच कार के एकदम नीचे से सड़क धंस गई। ड्राइवर ने जंप मारकर बचाव किया। कार खड्डे में जा गिरी। इस संबंधी पार्षद गुरप्रीत सिंह बब्बल द्वारा निगम कमिश्नर को शिकायत की गई। वहीं आप नेता रविंद्र पाल घई ने भी लोकल बॉडी सेक्रेटरी व निगम कमिश्नर को शिकायत की है।

### सड़कों पर इंसान की जगह कूड़ा ही कूड़ा दिखा

सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल करने के कारण कूड़ा करकट के पहाड़ बन रहे हैं। संबंधित पार्षदों द्वारा इसे अपने सत्र पर कंट्रोल करने की जगह लापरवाही की जा रही है। जिसका नतीजा रहा कि बारिश के बाद सड़कों पर इंसान कम और कूड़ा ज्यादा दिखा। वॉर्ड 72 में पड़ते जवाहर नगर कैंप में कोचर मार्केट से मिड्ढा चौक जाती मेन रोड पर कूड़ा ही कूड़ा था। कई घंटों तक कूड़ा उठाया ही नहीं गया। जिससे इलाके में गंदगी फैल गई। इसी तरह हल्का आत्म नगर की अरोड़ा पैलेस से दुगरी चौक वाली सड़क पर कॉम्पेक्टर के पास कूड़े के ढेर लगे थे।

### समय-समय पर फोटोज खींचवाकर प्रैस नोट भेजते रहे अफसर-लीडर

चर्चा है कि निगम अफसरों और लीडरों द्वारा कुछ दिन पहले तक तो जमकर शहर में कूड़ा करकट व बुड्ढा दरिया साफ कराने और सीवरेज प्रणाली की सफाई कराने के दावे किए जाते रहे। जिसमें समय समय पर फोटोज खींचवाकर प्रैस नोट भी भेजे गए। लेकिन वीरवार को शहर के हालात देखकर लगता है कि वे कार्य सिर्फ खानापूर्ति ही थे।



निगम जोन-ए के ऑफिस बाहर भरा पड़ा पानी

### करीब 25 करोड़ के टेंडर लगाए, शुरुआत में हुई देरी





चर्चा है कि नगर निगम द्वारा करीब 25 करोड़ के टेंडर लगाए गए। जिसमें सीवरेज लाइनें और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई शामिल थे। इन टेंडरों के मुताबिक काम चल रहा है। चर्चा है कि यह टेंडर मई की शुरूआत में लगाए गए। जबकि इन्हें पहले लगाना चाहिए था, ताकि 2-3 महीने में काम पूरा हो जाता और शहर पानी पानी न होता। मगर अफसरों और हाउस लीडरों ने इस तरफ ध्यान ही नहीं दिया। जिसके नतीजे में सीवरेज लाइनें ब्लॉक हो गई और सारा पानी सड़कों पर आ गया।



### बाजारों और अंदरुनी इलाकों में भारी नुकसान

बता दें कि शहर के बाजारों और अंदरुनी इलाके इस बरसात से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। जहां न्यू सुंदर नगर में तो तीन फीट तक पानी भर गया। जबकि बाजारों में भी भारी मात्रा में पानी भरा रहा। कई दुकानों और घरों में पानी घुसने से सामान खराब हो गया। पूरा दिन लोग बाल्टियां लेकर पानी बाहर निकालने में लगे रहे। इस दौरान कई इलाकों में बिजली गुल हो गई।




### हल्का वासी पानी में डूबे, विधायक राशन बांटने में व्यस्त रहे

शहर के एक हल्के में जहां हर बार सबसे ज्यादा पानी भरता है, इस बार भी वहां पानी भरने से लोग डूबते रहे। लेकिन दूसरी तरफ विधायक राशन किट बांटने में व्यस्त रहे। वीरवार सुबह बेशक 1-2 घंटे राजनेता द्वारा कुछ इलाकों का दौरा करके बुड्ढे नाले को चैक किया गया। लेकिन बाद में वे अपने राशन वितरण समारोह में लगे रहे, जबकि हल्के की जनता पानी निकालती रह गई।

### खुले सीवरेज में जा गिरा बुजुर्ग

- कोट मंगल सिंह इलाके में ड्यूटी पर जा रहा बुजुर्ग साइकिल समेत खुले सीवरेज में जा गिरा। बुजुर्ग के मुताबिक गटर में लोहे के सरिए लगे थे, जिनके सहारे वे बाहर निकला और मदद मांगी। अगर सरिए न होते तो भारी नुकसान हो सकता था। मॉडल टाउन रोड पर दीप अस्पताल के बाहर सड़क पर बने गड्ढे के कारण पानी में 5 ई-रिक्शा पलट गए।

### औद्योगिक राजधानी पानी में डूबी - बिट्टू



- इसी बीच पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट सांझी की। जिसमें लिखा था कि स्मार्ट सिटी की हालत देखिए। भगवंत मान सरकार के तथाकथित बदलाव की सच्चाई आज लुधियाना की सड़कों पर तैर रही है। पंजाब की औद्योगिक राजधानी पानी में डूबी हुई है और आप की सरकार सिर्फ विज्ञापनों के जरिए विकास कर रही है। लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं और मुख्यमंत्री झूठे सपने बेचने में व्यस्त हैं। क्या यही आपका 'रंगला पंजाब' है।

# उधार माल लेकर नहीं दी पेमेंट, 7.49 लाख की ठगी मारने पर एक फर्म मालिक पर मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। ढंडारी कलां इलाके में एक व्यापारी से माल खरीदकर दूसरे व्यापारी द्वारा पेमेंट नहीं की गई। जब उसने पेमेंट मांगी तो धमकियां दी गई। इस तरह करके करीब 7.49 लाख रुपए की ठगी मार ली गई। थाना साहनेवाल की पुलिस ने ढंडारी कलां के करुण मदान की शिकायत पर डाबा रोड के गौरव शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्टार कोटिंग्स ढंडारी कलां का मालिक है, जबकि आरोपी गौरव शर्मा श्री बांके बिहारी एंटरप्राइज का मालिक है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी द्वारा उसकी कंपनी से माल खरीद किया गया था। उक्त माल की कीमत करीब 7.49 लाख रुपए थी। आरोपी ने माल उधार लिया और पेमेंट जल्द देने की बात कही। लेकिन बाद में न तो पेमेंट दी और न ही माल वापिस किया। जब शिकायतकर्ता ने उससे बार बार पेमेंट मांगी तो आरोपी ने धमकियां देनी शुरू कर दी।




# पिंक फ्लैट बेचने की एवज में एनआरआई ने रिश्तेदार संग मिलकर मारी 35 लाख की ठगी

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। राजगुरु नगर के पिंक फ्लैट का सौदा करके 35 लाख रुपए लेने के बावजूद मालिक द्वारा रजिस्ट्री नहीं करवाई गई। जिसके चलते पीड़ित द्वारा ठगी मारने के आरोप में एनआरआई और उसके रिश्तेदार के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। थाना सराभा नगर की पुलिस ने राजगुरु नगर की सुरजीत कौर कोहली की शिकायत पर यूएसए के कंवलदीप सिंह, राजगुरु नगर के सतिंदर पाल सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दिए बयानों में बताया कि आरोपी कंवलदीप सिंह एनआरआई है और यूएसए में रहता है। दोनों आरोपियों का राजगुरु नगर बी ब्लॉक में स्थित पिंक फ्लैट के फ्लैट नंबर 46 है। जिसका आरोपियों द्वारा साल 2022 में इकरारनामा सौदा किया गया था। इस दौरान 35 लाख रुपए में सौदा तय हुआ था। आरोपियों द्वारा धोखे से सारी पेमेंट हासिल कर ली गई। लेकिन रजिस्ट्री करवाने के लिए टाल मटोल करते रहे। ऐसे करके आरोपियों द्वारा न तो फ्लैट की रजिस्ट्री करवाई गई और न ही पेमेंट वापिस की गई।




# दो महिलाओं समेत चार तस्कर गिरफ्तार, 1.1 किलो हेरोइन बरामद

मोहाली।/यूटर्न/30 जुलाई। नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 1.1 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान साहिल, रमनदीप कौर, संध्या और सुखविंदर सिंह के रूप में हुई है। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई की शुरूआत साहिल की गिरफ्तारी से हुई थी। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान उससे मिली अहम जानकारी के आधार पर एएनटीएफ ने जांच का दायरा बढ़ाया। इसके बाद टीम ने क्रमवार कार्रवाई करते हुए रमनदीप कौर, संध्या और सुखविंदर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां से कुल 1.1 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस का कहना है कि बरामद हेरोइन की मात्रा को देखते हुए मामला काफी गंभीर है और शुरूआती जांच में आरोपियों के किसी बड़े मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका सामने आई है।


# डीके इलेक्ट्रानिक्स को मिला राष्ट्रीय सम्मान, निदेशक अशोक धवन और नरेंद्र धवन हुए सम्मानित



लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। शहर की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं होम अप्लायंसेज रिटेल कंपनी डीके इलेक्ट्रानिक्स के लिए यह गौरव का क्षण रहा, जब कंपनी के निदेशक अशोक धवन और नरेंद्र धवन को एक इंग्लिश समाचार पत्र कंपनी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित टाइम्स लीडरशिप समित एंड आइकन 2026 में एक्सीलेंस इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड होम अपीयरेंस रिटेल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज रिटेल क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान, ग्राहकों के विश्वास और वर्षों से बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह निरवाणा लग्जरी होटल में आयोजित किया गया, जहां पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने अशोक धवन और नरेंद्र धवन को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। समारोह में उद्योग जगत, व्यापार, शिक्षा और विभिन्न क्षेत्रों की कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया। सम्मान प्राप्त करने के बाद अशोक और नरेंद्र धवन ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरी डीके इलेक्ट्रानिक्स टीम, उनके ग्राहकों और सहयोगियों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कंपनी भविष्य में भी ग्राहकों को आधुनिक तकनीक, विश्वसनीय उत्पाद और उत्कृष्ट आफ्टर-सेल्स सर्विस उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। यह सम्मान डीके इलेक्ट्रानिक्स की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक-केंद्रित कार्यशैली की एक और बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर, दंपती और जुड़वा बच्चे गंभीर घायल

पिंजौर/यूटर्न/30 जुलाई। नानकपुर बस अड्डे के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपती और उनके दो जुड़वा बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर किया गया है। घायल विनोद की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



विश्वकर्मा कॉलोनी निवासी विनोद ने पुलिस को बताया कि वह पत्नी रेखा और दोनों बच्चों के साथ मोटरसाइकिल पर होशियारपुर जा रहे थे। दोपहर करीब पौने एक बजे वे नानकपुर बस अड्डे के समीप सब्जी की दुकान के पास रुके। विनोद बाइक पर बैठे-बैठे बैग से बच्चों के लिए दूध की बोतल निकाल रहे थे। इसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चारों काफी दूर जाकर गिरे और बेहोश हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें नानकपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। विनोद के अनुसार हादसे में दोनों बच्चों की टांगें टूट गई और सिर पर गंभीर चोट लगी। पत्नी रेखा के हाथ, पैर और सिर में चोटें आई, जबकि विनोद के पैर, बाजू और कमर में चोट लगी है।

# सरकार के चेयरमैन सरकार और समाज को गुमराह कर रहे हैं - धींगान/चौधरी

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। बरनाला में सफाई कर्मचारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए लाठीचार्ज के विरोध में संघर्ष कमेटी लुधियाना द्वारा घंटा घर के पास रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान घुमारमंडी, चौड़ा बाजार, मीना बाजार, किताब बाजार, करीमपुरा, दाल बाजार, बस्ती जोधवाल, गांधीनगर कपड़ा मार्केट सहित महानगर के बड़े बाजारों में दुकानदारों ने दुकानें बंद रखकर बंद को पूर्ण समर्थन दिया। इस अवसर पर लुधियाना बंद के दिए गए आह्वान के तहत सफाई कर्मचारी, सीवरमैन, माली, बेलदार और ड्राइवरों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही और इस दौरान निगम कर्मचारियों द्वारा नगर निगम जोन-ए में संघर्ष कमेटी लुधियाना के वरिष्ठ नेता सौंधी के नेतृत्व में रोष प्रदर्शन कर पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन दौरान वरिष्ठ नेता नरेश धींगान व चौधरी यशपाल ने बताया कि पंजाब सरकार के चेयरमैन और नेता सरकार और समाज को गुमराह कर रहे हैं और उन्होंने इस बंद को असफल कराने के लिए पूरा जोर लगाया परंतु जनता ने उन्हें नकार दिया। इस मौके पर लाला सुंदर अटवाल, संजीव गिल, दीपक हंस, अजेपाल दिशावर, डा. डी पी खोसला, विपन कल्याण, विक्की सहोता, आनंद राखशस, अशोक दानव, एडवोकेट नरिंदर आदि, सुभा, विनोद एकलव्य, वरुण राज, रवि मतंग, मिंकल बिरला आदि उपस्थित थे।



# बारिश ने स्मार्ट सिटी लुधियाना की बदहाल तस्वीर की पेश - पवन दीवान





लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। लुधियाना में वीरवार को हुई कुछ घंटों की बारिश ने शहर के स्मार्ट सिटी होने के दावों की पोल खोलते हुए, इसे एक बदहाल सिटी के रूप में लोगों के सामने ला दिया है। जारी एक बयान में, पंजाब लार्ज इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और लुधियाना शहरी कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पवन दीवान ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों और राज्य सरकार द्वारा शहर के विकास को लेकर किए जाने वाले बड़े-बड़े दावों की आज कुछ घंटों की बारिश ने सच्चाई उजागर कर दी है। उन्होंने कहा कि गुरदेव नगर में अचानक सड़क धंसने से बने गड्ढे में कार गिर गई। वहीं मॉडल टाउन रोड पर सड़क टूटने के कारण यात्रियों से भरा एक ई-रिक्शा बरसात से भरे पानी में पलट गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों के अनुसार यहां पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन नगर निगम के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। इसी तरह, शहर के कई प्रमुख इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश ने स्मार्ट सिटी लुधियाना की बदहाल तस्वीर पेश की है।



पेज 06 सराभा लेडीज क्लब की द अनस्टॉपेबल पावर...

# अब 'घर वापसी' नहीं, बल्कि 'फंड्स वापसी': एक रिपोर्ट में बताया गया है कि NRI अपने घर क्यों बेच रहे हैं

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। 'रेमिटर एनुअल NRI वेल्थ रिपोर्ट 2026' के अनुसार, बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय (NRI) भारतीय रियल एस्टेट मार्केट से बाहर निकलना चाहते हैं। इनमें से आधे से ज्यादा लोग बिक्री से मिलने वाली रकम को भारत में दोबारा निवेश करने के बजाय विदेश भेजना चाहते हैं। ये नतीजे विदेशों में रहने वाले भारतीयों की बदलती निवेश सोच को दिखाते हैं; वे अब प्रॉपर्टी को भावनात्मक या लंबे समय के पारिवारिक निवेश के बजाय एक फाइनेंशियल एसेट (वित्तीय संपत्ति) के तौर पर देख रहे हैं।



सर्वे में पाया गया कि 46% NRI प्रॉपर्टी मालिक अपनी भारतीय प्रॉपर्टी तुरंत बेचना चाहते हैं, जबकि 26% अगले छह महीनों में ऐसा करने की योजना बना रहे हैं। इसका मतलब है कि सर्वे में शामिल हर चार में से लगभग तीन NRI प्रॉपर्टी मालिक जल्द ही इससे बाहर निकलने पर विचार कर रहे हैं। इन प्रस्तावित बिक्री में रिहायशी प्रॉपर्टी का दबदबा है, जो मार्केट में आने वाली कुल संपत्तियों का लगभग 89% हिस्सा हैं।

शायद सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बेचने वाले उस पैसे का क्या करना चाहते हैं। आधे से ज्यादा लोगों ने कहा कि वे बिक्री से मिली रकम को विदेश भेजना चाहते हैं। इससे पता चलता है कि वे भारतीय रियल एस्टेट में पैसा लगाने के बजाय अपने रहने वाले देश या अंतरराष्ट्रीय निवेश के मौकों में पैसा लगाना पसंद कर रहे हैं।

रिपोर्ट में इस ट्रेंड की वजह NRI की वेल्थ मैनेजमेंट (संपत्ति प्रबंधन) रणनीतियों में आए बड़े बदलाव को बताया गया है। अपनी बचत का एक बड़ा हिस्सा प्रॉपर्टी में लगाने के बजाय, कई लोग ग्लोबल इक्विटी, म्यूचुअल फंड, रिटायरमेंट प्रोडक्ट और फिक्स्ड-इनकम निवेश जैसे अलग-अलग एसेट क्लास में निवेश करके विविधता (डाइवर्सिफिकेशन) लाना चाहते हैं। भारत में कई घर होने के बजाय फाइनेंशियल प्लानिंग, लिक्विडिटी और पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइजेशन को ज्यादा अहमियत दी जा रही है।

टैक्स और रेगुलेटरी नियम भी इसमें भूमिका निभा रहे हैं। हालांकि भारत में विदेशी निवेश आ रहा है, लेकिन कई NRI को अब कई देशों में जटिल टैक्स नियमों और कंप्लायंस की जरूरतों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, एक्सचेंज रेट में उतार-चढ़ाव और रियल एस्टेट मार्केट में बदलते हालात ने कुछ निवेशकों को मुनाफा कमाने और अपनी पूंजी कहीं और लगाने के लिए प्रेरित किया है। नतीजों से यह भी पता चलता है कि NRI के बीच प्रॉपर्टी के मालिकाना हक को लेकर भावनात्मक जुड़ाव कम हो रहा है। पिछली पीढ़ियां अक्सर भारत में घर इसलिए खरीदती थीं ताकि वे बाद में लौट सकें या परिवार का ठिकाना बनाए रख सकें। हालांकि, विदेश में स्थायी रूप से बस चुके कई युवा NRI भारतीय रियल एस्टेट को भावनात्मक जुड़ाव के बजाय निवेश से मिलने वाले रिटर्न के नजरिए से देख रहे हैं।

## एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट एंड-स्टेज किडनी रोग के मरीजों के लिए वरदान के समान: डॉ. राका कौशल





अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। एबीओ-इनकम्पैटिबल (विभिन्न ब्लड ग्रुप वाले) किडनी ट्रांसप्लांटेशन एंड-स्टेज किडनी रोग से पीड़ित मरीजों के इलाज की तस्वीर बदल रहा है। इस तकनीक से ट्रांसप्लांट कराने वाले मरीज बेहतरीन किडनी फंक्शन के साथ स्वस्थ और सक्रिय जीवन जी रहे हैं। गुरुवार को लुधियाना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लिवासा हॉस्पिटल, मोहाली की सीनियर डायरेक्टर-नेफ्रोलॉजी ,डॉ. राका कौशल ने कहा कि एंड-स्टेज किडनी रोग, क्रोनिक किडनी डिजीज का अंतिम चरण होता है, जिसमें गुर्दे शरीर से अपशिष्ट पदार्थों और अतिरिक्त तरल पदार्थ को बाहर निकालने की अपनी क्षमता पूरी तरह खो देते हैं। इस स्थिति में मरीजों को जीवित रहने के लिए डायलिसिस या किडनी ट्रांसप्लांट की आवश्यकता होती है।

उन्होंने आगे कहा, भारत में डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के कारण किडनी रोग के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। हालांकि डायलिसिस जीवन को बनाए रखने में मदद करता है, लेकिन किडनी ट्रांसप्लांट ही सबसे बेहतर दीर्घकालिक इलाज है, जो बेहतर सर्वाइवल, जीवन की बेहतर गुणवत्ता और अधिक स्वतंत्रता प्रदान करता है। सीनियर डायरेक्टर-यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट, डॉ. अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांटेशन के जरिए डोनर और रेसिपिएंट का ब्लड ग्रुप अलग-अलग होने पर भी सफल ट्रांसप्लांट संभव हो पाता है। इस अवसर पर, 2017 में लिवासा मोहाली में सफल एबीओ-इनकम्पैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट के बाद नया जीवन पाने वाले वीर सिंह ने भी पिछले 9 वर्षों से स्वस्थ जीवन जीने का अपना अनुभव साझा किया।

## गमसा EXPO INDIA-2027 की तारीखें घोषित, 5 से 8 फरवरी तक लुधियाना में लगेगा मेला

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। गारमेंट मशीनरी मैन्युफैक्चरर्स एंड सप्लायर्स एसोसिएशन (गमसा) ने अपनी 11वीं अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी गमसा एक्सपो इंडिया-2027 की तारीखों की घोषणा कर दी है। यह भव्य प्रदर्शनी 5 से 8 फरवरी 2027 तक दाना मंडी, बहादुरके रोड, जालंधर बाईपास में आयोजित की जाएगी। गमसा कार्यालय में 29 जुलाई को आयोजित बैठक में यह घोषणा की।

पिछले कई वर्षों से गमसा एक्सपो इंडिया उत्तर भारत में गारमेंट मशीनरी उद्योग की प्रमुख प्रदर्शनियों में शामिल हो चुकी है। प्रदर्शनी में देश-विदेश की कंपनियां गारमेंट निर्माण क्षेत्र की अत्याधुनिक तकनीक, नई मशीनरी और उत्पादन बढ़ाने वाले समाधानों का प्रदर्शन करेंगी। यह आयोजन कपड़ा उद्योग से जुड़े निर्माताओं, सप्लायर्स और विशेषज्ञों को एक बड़ा व्यापारिक मंच उपलब्ध कराएगा। गमसा





चेयरमैन राम कृष्ण ने कहा कि प्रदर्शनी ने अपनी बेहतर सुविधाओं, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी नवाचारों के कारण उद्योग में अलग पहचान बनाई है।

उन्होंने कहा कि यह मंच गारमेंट निर्माताओं को नई तकनीकों से जोड़ने के साथ उत्पादन क्षमता बढ़ाने, गुणवत्ता सुधारने और लागत कम करने में मदद करता है। गमसा के महासचिव नरिंदर कुमार ने कहा कि प्रदर्शनी का उद्देश्य गारमेंट उद्योग तक नवीनतम तकनीक और वैश्विक मशीनरी को पहुंचाना है।

## सीएम भगवंत मान से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को थानों और चौकियों में तैनात करने की अपील

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। पंजाब में पुलिस कर्मियों की बढ़ती चिंताओं के बीच आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद बाबा बलबीर सिंह सींचेवाल द्वारा पंजाब के पुलिस महानिदेशक DGP गौरव यादव से अपनी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को वापस पुलिस बल में भेजने की पहल का भाजपा नेता गौरव अरोड़ा ने स्वागत किया है।



गौरव अरोड़ा ने कहा कि सांसद सींचेवाल का यह कदम सराहनीय है और अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक उदाहरण होना चाहिए। उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री श्री भगवंत मान से अपील की कि वे अपनी सुरक्षा में तैनात अतिरिक्त पुलिस कर्मियों के साथ-साथ मंत्रियों, विधायकों, उनके परिजनों तथा विशेष रूप से दिल्ली से पंजाब में लंबे समय से रह रहे आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो श्री अरविंद केजरीवाल, श्री मनीष सिसोदिया एवं अन्य नेताओं की सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों की भी समीक्षा करें।

उन्होंने कहा कि आवश्यकता से अधिक सुरक्षा ड्यूटी में लगाए गए पुलिस कर्मियों को मुक्त कर पंजाब के थानों और पुलिस चौकियों में तैनात किया जाए, ताकि कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

# पंचकूला में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, डीटीपी की बड़ी कार्रवाई

## गांव बिल्ला में बिना अनुमति किए गए निर्माण को जेसीबी से किया ध्वस्त, विभाग ने दी सख्त चेतावनी



पंचकूला/यूटर्न/30 जुलाई। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव बिल्ला में बिना अनुमति किए गए निर्माण को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया। उपायुक्त सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन और डीटीपी बबीता गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान विभाग ने स्पष्ट किया कि बिना वैध अनुमति किसी भी प्रकार का निर्माण या कॉलोनी विकसित करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट डिम्पी राठी की मौजूदगी में की गई। मौके पर सहायक नगर योजनाकार अशोक कुमार, राजेश कुमार, नगर निगम पंचकूला के सहायक नगर योजनाकार रोहित शर्मा, सुपरवाइजर आशा रानी, पटवारी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरे अभियान को नियमानुसार पूरा किया और अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। डीटीपी बबीता गुप्ता ने कहा कि हरियाणा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग से सीएलयू (चेंज ऑफ लैंड यूज) अथवा लाइसेंस प्राप्त किए बिना किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना या कॉलोनी विकसित करना कानून का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में विभाग बिना किसी पूर्वाग्रह के कार्रवाई करेगा। उन्होंने आम नागरिकों और प्रॉपर्टी निवेशकों से अपील की कि किसी भी भूखंड या निर्माण कार्य में निवेश से पहले संबंधित विभाग से आवश्यक अनुमति और दस्तावेजों की जांच अवश्य करें। डीटीपी ने दोहराया कि जिले में अवैध निर्माण और अनधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

# 1.75 करोड़ की साइबर ठगी में गुजरात से एक और आरोपी गिरफ्तार, अब तक 18 काबू

-कपिल नागपाल-



पंचकूला/यूटर्न/30 जुलाई। पंचकूला के चर्चित 1 करोड़ 75 लाख रुपये के साइबर ठगी मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस ने गुजरात से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 18 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस लगातार मामले से जुड़े बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और डिजिटल लेन-देन की जांच कर रही है।

मामले के जांच अधिकारी भूप सिंह ने बताया कि आरोपी को गुजरात के राजकोट से गिरफ्तार किया गया है। शिकायतकर्ता को कथित ऑनलाइन बेटिंग और ट्रेडिंग में अधिक मुनाफा कमाने का झांसा देकर 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी की गई थी। आरोपियों ने विभिन्न खातों में रकम ट्रांसफर कराकर शिकायतकर्ता को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी के बैंक खाते में ठगी की रकम में से करीब 9 लाख रुपये आए थे। आरोपी से उसके खाते के इस्तेमाल, अन्य सहयोगियों और ठगी के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# ढोल-नगाड़ों और पुष्पवर्षा के बीच दो पुलिस अधिकारियों को सम्मानजनक विदाई

कपिल नागपाल



पंचकूला/यूटर्न/30 जुलाई। पंचकूला पुलिस में लंबे समय तक समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा से सेवाएं देने वाले ऑनरेरी इंस्पेक्टर मोहिंदर सिंह और सब इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह को सेक्टर-26 स्थित पुलिस लाइन में आयोजित समारोह के दौरान सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। पुलिस परिवार ने दोनों अधिकारियों का ढोल-नगाड़ों, पुष्पवर्षा और तालियों के साथ स्वागत किया तथा स्मृति-चिन्ह भेंट कर उनके सेवाकाल को याद किया। ऑनरेरी इंस्पेक्टर मोहिंदर सिंह ने 37 वर्ष और सब इंस्पेक्टर सुखदेव सिंह ने 33 वर्ष तक पुलिस विभाग में सेवाएं दीं। दोनों ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आमजन की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। मुख्य अतिथि डीसीपी पंचकूला अदिति सिंह ने कहा कि वर्दी से सेवानिवृत्ति होती है, लेकिन ईमानदारी, अनुशासन और सेवा की पहचान जीवनभर समाज तथा पुलिस परिवार के लिए प्रेरणा बनी रहती है। उन्होंने दोनों अधिकारियों के स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। समारोह में मोहिंदर सिंह के पौत्र ने कविता प्रस्तुत कर उनके गौरवपूर्ण सेवाकाल को याद किया। पुलिस कमिश्नर पंकज नैन और डीसीपी क्राइम एवं ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने भी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन एएसआई शिवानी ने किया।

# धोती बनाम लोकतंत्र: जब असली हेडलाइन से ज्यादा चर्चा धोती की हो

भारतीय राजनीति में एक समय ऐसा था जब गृह मंत्री अपने कामों की वजह से चर्चा में रहते थे। आज वे अपने पहनावे की वजह से ट्रेंड कर सकते हैं। इस हफ़्ते, दिल्ली पुलिस द्वारा छात्र प्रदर्शनकारियों पर पैलेट गन के इस्तेमाल के आरोपों से ज्यादा चर्चा अमित शाह की धोती की हुई। ऐसा लगा कि असली मुद्दा यह नहीं था कि दिल्ली की सड़कों पर क्या हुआ—बल्कि यह था कि गृह मंत्री ने किस तरह की धोती पहनी थी।



संदीप शर्मा, सम्पादक

4.5 मीटर लंबे कपड़े के एक टुकड़े के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। कहीं न कहीं, पैलेट गन का मुद्दा चुपचाप खबरों से गायब हो गया और धोती प्राइम टाइम पर छा गई। टीवी एंकरों ने धोती की सिलवटों का विश्लेषण उतनी गंभीरता से किया, जितनी गंभीरता आमतौर पर संवैधानिक संकटों के समय दिखाई जाती है।

इस बीच, विपक्ष यह पूछता रहा कि 20 जुलाई के विरोध प्रदर्शनों के दौरान पैलेट गन के कथित इस्तेमाल पर गृह मंत्री चुप क्यों रहे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सबके सामने सवाल उठाया कि क्या किसी ने अमित शाह का मुँह सिल दिया है। मीडिया कवरेज को देखें तो लगता है कि असल में सिर्फ एक ही सिलाई मायने रखती थी— और वह थी गृह मंत्री की धोती की सिलाई।

न्यूज मीडिया ने ध्यान भटकाने की कला में महारत हासिल कर ली है। अब हर विवाद के साथ कोई न कोई अतिरिक्त चीज (एक्सेसरी) जुड़ी होती है। जब मुश्किल सवाल उठते हैं, तो कोई वायरल क्लिप, कपड़ों से जुड़ी कोई गड़बड़, कोई नारा या कोई मीम खबरों के चक्र को बचाने के लिए आ जाता है। एल्गोरिदम को तमाशा पसंद है। अफसोस की बात है कि जवाबदेही पर उतने क्लिक नहीं मिलते।

इसका मतलब यह नहीं है कि पहनावा जरूरी नहीं है। राजनेता हमेशा अपने पहनावे के जरिए अपनी बात कहते रहे हैं। गांधीजी की धोती (लंगोटी) थी। नेहरूजी की जैकेट थी। मोदीजी का ट्रेडमार्क हाफ-स्लीव कुर्ता है। प्रतीक मायने रखते हैं। लेकिन प्रतीक तब खतरनाक हो जाते हैं जब वे असल मुद्दों की जगह ले लेते हैं। कोई लोकतंत्र तब तक नहीं टिक सकता जब नागरिकों को सरकार के जवाबों के बजाय नेता के पहनावे के बारे में ज्यादा जानकारी हो।

राजनीति खुद एक ऐसे थिएटर जैसी हो गई है जहाँ परफॉर्मेंस से ज्यादा प्रॉप्स (सामान) की तारीफ होती है। विपक्ष चिल्लाता है। सत्ता पक्ष आपत्ति जताता है। स्पीकर दखल देते हैं। हेडलाइन बनती हैं। शाम तक, बहस विधायी जवाबदेही से हटकर कपड़ों पर टिप्पणी में बदल जाती है, और हर कोई यह मानकर घर लौटता है कि उन्होंने लोकतंत्र को काम करते देखा है।

शायद यही भारत का नया संसदीय ड्रेस कोड है: अगर सवाल बहुत ज्यादा असहज हो जाएं, तो पॉलिसी बदलने से पहले बातचीत का विषय ही बदल दो। शायद यही बातचीत की नई रणनीति है। जब आपके कपड़े ही इंटरनेट पर जवाब दे सकते हैं, तो संसद में जवाब देने की क्या जरूरत है?

धोती को आखिरकार तह करके रख दिया जाएगा। मीम्स गायब हो जाएंगे। हैशटैग्स की मियाद खत्म हो जाएगी। लेकिन पुलिस की कार्रवाई, संसद के प्रति जवाबदेही और असहज बहस के लिए कम होती जगह से जुड़े सवाल बने रहेंगे।

तब तक, भारत का लोकतंत्र यह साबित करता रहेगा कि वायरल पॉलिटिक्स के दौर में, अक्सर शासन-व्यवस्था की खामियों से ज्यादा अहमियत धोती की सिलवट को दी जाती है।



पेज 12 अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' का शक्ति प्रदर्शन...

# शादी में सब्सक्रिप्शन मॉडल: गुरुग्राम में पत्नी को स्वादिष्ट खाने के लिए पति देता है ₹1000 प्रति प्लेट

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। गुरुग्राम की रहने वाली एक हाउसवाइफ और फूड कंटेंट क्रिएटर ने ऑनलाइन एक दिलचस्प बहस छेड़ दी है। उन्होंने बताया कि जब भी वह घर पर कैफे जैसा खाना बनाती हैं, तो उनके पति उन्हें ₹1,000 देते हैं।

हालांकि कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इस व्यवस्था को शादी को बिजनेस डील में बदलने जैसा बताया, लेकिन महिला का कहना है कि यह कपल के लिए बढ़िया खाना बनाने में लगने वाले समय, हुनर और मेहनत को समझने का एक तरीका है। प्रिया नाम की इस महिला ने इंस्टाग्राम वीडियो में इस व्यवस्था के बारे में बताया, जिसे दस लाख से ज्यादा बार देखा जा चुका है। उन्होंने बताया कि यह ₹फाइनेंशियल कॉन्ट्रैक्ट₹




(आर्थिक समझौता) तभी लागू होता है जब वह घर पर रेस्टोरेंट जैसी डिश बनाती हैं। उनके मुताबिक, कपल कैफे में पैसे खर्च करने के बजाय परिवार के अंदर ही पैसे खर्च करना पसंद करता है और साथ ही घर के कामों की अहमियत को भी मानता है। आलोचनाओं का जवाब देते हुए प्रिया ने कहा कि कई लोग मानते हैं कि खाना बनाना अपने आप पत्नी की ज़िम्मेदारी है, लेकिन उनका मानना है कि बिना पैसे के किए जाने वाले घरेलू काम की भी तारीफ होनी चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि अगर लोग उसी खाने के लिए रेस्टोरेंट को खुशी-खुशी पैसे देते हैं, तो वैसी ही मेहनत के लिए परिवार के किसी सदस्य को पैसे देना अजीब नहीं माना जाना चाहिए।

इस वायरल वीडियो पर लोगों की राय बंटी हुई दिखी। आलोचकों ने उन पर रिश्तों को कमर्शियल बनाने का आरोप लगाया और कहा कि शादी में देखभाल वाले कामों की कोई कीमत नहीं होनी चाहिए। वहीं, समर्थकों ने इस व्यवस्था को एक निजी पसंद बताया, जो घर के अनदेखे कामों को पहचान देती है और पैसे को घर के अंदर ही रखती है। बाद में प्रिया ने साफ किया कि यह पेमेंट महीने में लगभग ₹15,000-20,000 होती है, जिसे वह अपना सैंडविच ब्रांड शुरू करने के लिए बचा रही हैं। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि यह व्यवस्था इसलिए काम करती है क्योंकि दोनों पार्टनर इसके लिए सहमत हैं और इसे किसी सख़्त फाइनेंशियल लेन-देन के बजाय एक मजेदार और दोनों के लिए फायदेमंद समझ के तौर पर देखते हैं।

# यंग एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड्स 2026 की प्रतिष्ठित जूरी का ऐलान, उद्योग जगत की पांच दिग्गज हस्तियां चुनेंगी उत्कृष्ट प्रतिभाएं

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। पंजाब के उभरते उद्यमियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से जन हितैषी और यू टर्न टाइम्स द्वारा आयोजित किए जा रहे 'यंग एंटरप्रेन्योर अवॉर्ड्स-2026' के लिए नामांकन अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं। आयोजन का उद्देश्य ऐसे उद्यमियों को सम्मानित करना है, जिन्होंने अपने नवाचार, नेतृत्व और उद्यमशीलता के दम पर उद्योग, व्यापार और रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह सम्मान केवल कम उम्र के उद्यमियों के लिए नहीं, बल्कि ₹यंग आइडियाज₹ रखने वाले हर उद्यमी के लिए है। चाहे वह स्टार्टअप फाउंडर हो, एमएसएमई संचालक, मैन्युफैक्चरर, पारिवारिक व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला उद्योगपति या वर्षों के अनुभव के बाद नया उद्यम शुरू करने वाला व्यवसायी—सभी इसके लिए पात्र हैं। यह भव्य सम्मान समारोह अगस्त 2026 के दूसरे सप्ताह में लुधियाना स्थित निवार्णा लग्जरी होटल में आयोजित किया जाएगा। आयोजन में पंजाब के




उद्योग, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी।

आयोजकों के अनुसार, इस वर्ष पुरस्कारों का चयन प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया जाएगा। जूरी में गंगा एक्रोवूल्स के अमित थापर, आरएम गुप्ता एंड कंपनी लिमिटेड के अविनाश गुप्ता, लुधियाना मैनेजमेंट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं मैनेजमेंट प्रोफेशनल वी.के. गोयल, नेशनल इंडस्ट्रीज के डॉ. बिक्रमजीत बेम्बी तथा शिव फोर्जिंग के परवीन चड्ढा शामिल हैं। कार्यक्रम को रालसन टायर्स का सहयोग प्राप्त है, जबकि कोठारी मार्बल्स एसोसिएट पार्टनर के रूप में आयोजन से जुड़े हैं। आयोजकों ने कहा कि आज के दौर में सफल व्यवसाय केवल मुनाफे तक सीमित नहीं है, बल्कि वह रोजगार सृजन, नवाचार और समाज के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।




इसी सोच के साथ उन उद्यमियों को सम्मानित किया जाएगा, जो अपने कार्यों से पंजाब के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं।

जन हितैषी और यू टर्न टाइम्स ने योग्य उद्यमियों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि से पहले अपना नामांकन भेजें या ऐसे किसी उद्यमी का नाम आगे बढ़ाएं, जो इस सम्मान का वास्तविक हकदार हो। इच्छुक प्रतिभागी पोस्टर पर दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

## विजिलेंस की कार्रवाई के बाद डेराबस्सी में माइनिंग विभाग का बड़ा एक्शन, ककराली में आधी रात छापेमारी

डेराबस्सी/यूटर्न/30 जुलाई। डेराबस्सी में माइनिंग विभाग के एसडीओ की विजिलेंस ब्यूरो द्वारा रिश्वतखोरी के मामले में



गिरफ्तारी के कुछ ही घंटों बाद विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार देर रात गांव ककराली में कथित अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी की। नव नियुक्त एसडीओ राजिंदर कुमार के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान सरकारी टीम को देखते ही मौके पर मौजूद कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भाग निकलीं। हालांकि विभाग ने रेत से भरी एक ट्रॉली को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ककराली और आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। उनका कहना है कि प्रभावशाली लोगों के कथित संरक्षण के चलते इस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही थी। विजिलेंस द्वारा विभागीय अधिकारी की गिरफ्तारी के बाद उसी रात हुई छापेमारी ने पूरे मामले को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

### भागते ट्रैक्टर ने कैंटर को मारी टक्कर

छापेमारी के दौरान मौके से भागने की कोशिश कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने सड़क किनारे खड़े कैंटर को टक्कर मार दी। कैंटर मालिक ने बताया कि उसका वाहन सड़क किनारे खड़ा था, तभी पीछे हट रहे ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वाहन को करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ। पीड़ित ने आरोप लगाया कि कथित अवैध खनन में शामिल लोगों की लापरवाही और दबंगई का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है।

## लुधियाना में सर्वाधिक 12541 लोगों को एंबुलेंस सेवा 108 ने दी राहत, एंबुलेंस में हुई 52 डिलीवरी



अशोक सहगल

लुधियाना, यूटर्न, 28 जुलाई: 108 एम्बुलेंस सेवा ने जनवरी से जून 2026 के दौरान पंजाब भर में 91,713 आपातकालीन मामलों में त्वरित चिकित्सा सहायता प्रदान की है। आंकड़ों के अनुसार, छह महीनों के दौरान 36,403 चिकित्सा आपातकालीन मामले, 20,538 गर्भावस्था संबंधी आपातकालीन मामले तथा 13,929 सड़क दुर्घटना मामलों में लोगों को राहत प्रदान की गई। इसके अलावा, 11,380 हृदय संबंधी आपातकालीन मामलों और 9,463 अन्य आपातकालीन मामलों में भी 108 एम्बुलेंस सेवा ने सहायता प्रदान की।जिला स्तर पर लुधियाना में सर्वाधिक 12,541 मामले दर्ज किए गए। इसके बाद पटियाला (7,862), जालंधर (7,609), साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) (7,457) और अमृतसर (6,656) का स्थान रहा। अन्य जिलों में होशियारपुर (4,812), बठिंडा (4,314), गुरदासपुर (4,231), संगरूर (3,459), कपूरथला (3,268), तरनतारन (3,155), रूपनगर (2,901), मोगा (2,754), फाजिल्का (2,676), फतेहगढ़ साहिब (2,663), फिरोजपुर (2,610), मानसा (2,519), श्री मुक्तसर साहिब (2,517), शहीद भगत सिंह नगर (2,284), फरीदकोट (1,917), मलेरकोटला (1,255), बरनाला (1,253) तथा पठानकोट (1,000) मामलों में 108 एम्बुलेंस सेवा ने सहायता प्रदान की।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**WhatsApp Group Admin:** क्या हर मैसेज की जिम्मेदारी अॅडमिन की होती है? आज लगभग हर व्यक्ति किसी न किसी WhatsApp Group का हिस्सा है। परिवार, स्कूल, ऑफिस, व्यापार और सोसायटी—हर जगह WhatsApp Groups का उपयोग होता है। ऐसे में अक्सर यह सवाल पूछा जाता है कि यदि Group में कोई आपत्तिजनक या गैरकानूनी मैसेज भेज दे, तो क्या उसका जिम्मेदार Group Admin होगा? इसका सीधा जवाब है—हर मामले में नहीं।



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

सिर्फ इसलिए कि कोई व्यक्ति Group Admin है, इसका मतलब यह नहीं कि Group में भेजे गए हर Message, Photo या Video की कानूनी जिम्मेदारी उसी की होगी। किसी सदस्य ने अपनी मर्जी से कोई गलत या गैरकानूनी सामग्री भेजी है, तो सबसे पहले उसकी जिम्मेदारी उसी सदस्य की होगी।

लेकिन इसका यह मतलब भी नहीं कि Admin की कोई जिम्मेदारी ही नहीं है। यदि Admin को बार-बार पता चल रहा है कि Group में नफरत फैलाने वाले संदेश, अश्लील सामग्री, फर्जी खबरें या किसी समुदाय के खिलाफ भड़काऊ पोस्ट डाली जा रही हैं और वह जानबूझकर उन्हें नजरअंदाज करता है, तो मामले के तथ्यों के आधार पर उसकी भूमिका की भी जांच हो सकती है।

एक जिम्मेदार Admin को चाहिए कि Group के स्पष्ट नियम बनाए, गलत सामग्री पोस्ट करने वालों को चेतावनी दे और जरूरत पड़ने पर उन्हें Group से हटा दे। इससे कई विवाद शुरू होने से पहले ही खत्म हो सकते हैं। Group का कोई भी सदस्य यह सोचकर गलत जानकारी या आपत्तिजनक सामग्री Forward न करे कि 'मैंने तो सिर्फ Forward किया है।' यदि किसी Post से कानून का उल्लंघन होता है, तो केवल Forwarded लिखे होने से जिम्मेदारी अपने आप खत्म नहीं हो जाती। WhatsApp Group केवल बातचीत का माध्यम है। ऑनलाइन दुनिया में भी वही जिम्मेदारी लागू होती है, जो वास्तविक जीवन में किसी सार्वजनिक मंच पर बोलते समय होती है।

निष्कर्ष: WhatsApp Group का Admin होने का मतलब यह नहीं कि वह हर Message के लिए अपने आप दोषी हो जाएगा। लेकिन Group को जिम्मेदारी से चलाना और गलत सामग्री पर समय रहते कार्रवाई करना एक अच्छे Admin की जिम्मेदारी जरूर है।


# सराभा लेडीज क्लब की द अनस्टॉपेबल पावर वॉक में महिला सशक्तिकरण की झलक

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। सराभा लेडीज क्लब द्वारा आयोजित द अनस्टॉपेबल पावर वॉक महिला सशक्तिकरण, फैशन और आत्मविश्वास का शानदार संगम साबित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर कनिका डंग के प्रेरणादायक संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने महिलाओं को अपने सपनों को आत्मविश्वास के साथ साकार करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कोरियोग्राफर अनीशा मोदी के निर्देशन में फैशन शो आयोजित किया गया। शहर के प्रतिष्ठित डिजाइनर्स अंजली वाधवा डिजाइंस, ड्रैप्स बाय चैरी खरबंदा



और शिमर बाय गगनदीप सिंह तुली ने अपने आकर्षक कलेक्शन प्रस्तुत किए। क्लब की मॉडल्स ने शानदार कैटवॉक कर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। मॉडल्स को मयूर ब्यूटी सेंटर, नाज ब्यूटी सेंटर और न्यू इमेज इंटरनेशनल ब्यूटी सेंटर ने आकर्षक मेकअप और स्टाइलिंग दी, जबकि ग्लैमर रेडियंस की ओर से आकर्षक गिफ्ट्स स्पॉन्सर किए गए। इस अवसर पर क्लब की नई टीम की घोषणा भी की गई। किरण कोचर को प्रेसिडेंट, कंचन सेठी को वाइस प्रेसिडेंट, सरबजीत आनंद को सेक्रेटरी, वंदना जैन को कैशियर और रश्मि अग्रवाल को ऑडिटर नियुक्त किया गया।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### श्मशान, वैराग्य और माया का जाल

जब कोई व्यक्ति किसी की अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए श्मशान घाट जाता है, तो वहाँ का वातावरण उसे जीवन की नश्वरता का गहरा अनुभव कराता है। जलती हुई चिता, शोकाकुल परिवार और मृत्यु का साक्षात दृश्य उसके मन में अपनी मृत्यु का भय भी उत्पन्न करता है। उस समय वह सोचता है कि एक दिन उसका भी यही अंत होगा। वह स्वयं से वादा करता है कि अब वह बुरे कर्मों से दूर रहेगा, सत्य, ईमानदारी और सदाचार का मार्ग अपनाएगा तथा अपने जीवन को सार्थक बनाएगा। किन्तु जैसे ही वह श्मशान घाट से बाहर निकलता है, संसार की माया, मोह, लोभ और इच्छाएँ धीरे-धीरे उसके मन पर फिर से अधिकार कर लेती हैं। धन, प्रतिष्ठा, क्रोध, ईर्ष्या और स्वार्थ उसे पुनः अपनी ओर आकर्षित करने लगते हैं। परिणामस्वरूप, श्मशान में लिया गया उसका संकल्प धीरे-धीरे कमजोर पड़ जाता है और वह फिर से पुराने बुरे कर्मों में उलझ जाता है। इसी स्थिति को हमारे शास्त्रों में श्मशान वैराग्य कहा गया है, अर्थात वह वैराग्य जो केवल कुछ समय के लिए उत्पन्न होता है। वास्तविक ज्ञान यही है कि मनुष्य मृत्यु के सत्य को केवल श्मशान तक सीमित न रखे, बल्कि उसे अपने दैनिक जीवन में भी स्मरण रखे। यदि वह ऐसा कर सके, तो उसका जीवन सदाचार, करुणा और धर्म के मार्ग पर अग्रसर होगा तथा वह सच्चे अर्थों में एक श्रेष्ठ मनुष्य बन सकेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर भारत विकास परिषद ने शिक्षकों को किया सम्मानित



### मनोज वर्मी की लगानी है



चिड़ियों के जंगलों में,
कभी बाज नहीं रहते।
कायर और कमजोरों के,
कभी राज नहीं रहते।

सिर झुका कर चलते हैं - जो लोग,
उनके सिर पर कभी ताज नहीं रहते।

कहे 'मनोज', जो जीते हैं - कल में,
बन जाते हैं वो इतिहास - आज नहीं रहते।

न उड़ानों पराये जज्बा,
बना शांत समाज नहीं रहते।

पल निकालो तरक्की की राह पर,
राष्ट्र विकास कराना है।

भुलाकर सब पुराने किस्से,
नया हिन्दुस्तान बनाना है।

जय हिन्द - जय भारत

### विवेकानंद शाखा की ओर से विभिन्न शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट

डेराबस्सी/यूटर्न/30 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारत विकास परिषद, विवेकानंद शाखा डेराबस्सी की ओर से ग्रीन एस्टेट में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।

समारोह के दौरान आदर्श नगर निवासी मास्टर करम सिंह, डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य प्रीतम दास, राजकीय महाविद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्य साधना संगर, हरियाणा के शिक्षक करम सिंह तथा सर्वहितकारी स्कूल की शिक्षिका प्रिया शर्मा को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त गुरु गुरुकुल स्कूल, वीआईपी एन्क्लेव के शिक्षकों को भी गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सम्मान प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सम्मानित शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक की भूमिका को समाज निर्माण का आधार बताया।

इस अवसर पर भारत विकास परिषद की ओर से नितिन जिंदल, अश्वनी शर्मा, जय प्रकाश, डॉ. बरखा राम, उपेश बंसल, रविंद्र वैष्णव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि गुरु पूर्णिमा केवल शिक्षकों के सम्मान का पर्व नहीं, बल्कि समाज को ज्ञान और संस्कार प्रदान करने वाले गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी है।

# विदेश में संपत्ति (Foreign Assets) है? तो सावधान! ITR दाखिल करते समय न करें ये गलती, लग सकता है 10 लाख का जुर्माना

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। आज के इस डिजिटल और ग्लोबल दौर में हम में से कई लोगों के पास किसी न किसी रूप में विदेशी संपत्ति या विदेशी कमाई होती है। लुधियाना और पंजाब के बहुत से परिवारों के बच्चे विदेश में पढ़ रहे हैं या नौकरी कर रहे हैं। कई लोग विदेशी कंपनियों के शेयर्स (जैसे Apple या Google के स्टॉक) में निवेश करते हैं, तो कई लोग मल्टीनेशनल कंपनियों (MNCs) में काम करते हुए ESOP या RSU (कंपनी द्वारा मिलने वाले मुफ्त या सस्ते शेयर्स) पाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर आपके पास विदेश में ₹100 का भी कोई शेयर या बैंक अकाउंट है, तो भारत सरकार के इनकम टैक्स नियमों के मुताबिक उसकी जानकारी देना अनिवार्य (Mandatory) है? ऐसा न करने पर बहुत बड़ी मुसीबत आ सकती है। एक टैक्स एक्सपर्ट और वकील होने के नाते, मैं सीधे और सरल शब्दों में आपको इसके नियम और सावधानियां समझा रहा हूँ।



करण चावला (एडवोकेट)

## 1. क्या आपके पास भी हैं ये 'विदेशी संपत्तियां'?

आम इंसान सोचता है कि 'फॉरेन एसेट' का मतलब सिर्फ विदेश में बड़ा बंगला या गुप्त स्विस बैंक अकाउंट है। ऐसा बिल्कुल नहीं है! आयकर विभाग की नजर में नीचे दी गई सभी चीजें विदेशी संपत्ति (Foreign Assets) मानी जाती हैं:

- विदेश में खुला कोई भी बैंक अकाउंट (चाहे वह पुराना या बंद पड़ा स्टूडेंट अकाउंट ही क्यों न हो)
- विदेशी कंपनियों के शेयर्स, म्यूचुअल फंड, या भारत के ऐप्स (जैसे Vested, IndMoney) के जरिए अमेरिकी बाजार में किया गया निवेश।
- मल्टीनेशनल कंपनियों में काम करने वाले कर्मचारियों को मिलने वाले ESOPs या RSUs।
- विदेश में खरीदी गई या विरासत (Inheritance) में मिली कोई जमीन या मकान।
- विदेशी एक्सचेंजों पर रखी गई क्रिप्टोकरेंसी।
- विदेशी जीवन बीमा (Life Insurance) या रिटायरमेंट पॉलिसी।

## 2. भूल गए तो ₹10 लाख का फ्लैट जुर्माना (Black Money Act)

अगर आप भारत के 'रेसिडेंट' (Resident and Ordinarily Resident - ROR) हैं, तो आपके लिए इन संपत्तियों का खुलासा करना जरूरी है।

**सबसे जरूरी बात:** भले ही आपकी कुल सालाना आमदनी टैक्स छूट की सीमा (Basic Exemption Limit) से कम हो, या उस विदेशी एसेट से आपको ₹1 की भी कमाई न हुई हो, फिर भी आपको रिटर्न फाइल करना होगा और इसकी जानकारी देनी होगी।

अगर आप अपने इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) में इसे छुपाते हैं या भूल जाते हैं, तो नॉर्मल टैक्स पेनल्टी नहीं, बल्कि ब्लैक मनी एक्ट (Black Money Act, 2015) के तहत ₹10 लाख प्रति वर्ष का भारी-भरकम जुर्माना लग सकता है। इसके साथ ही, पकड़े जाने पर उस संपत्ति की वैल्यू पर 120% तक टैक्स और जुर्माना लग सकता है और जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है।

## 3. टैक्स विभाग के पास है आपकी पल-पल की खबर

कुछ लोग सोचते हैं कि भारत सरकार को विदेश के बैंक खाते या शेयर्स का कैसे पता चलेगा? इस मुगालते में बिल्कुल न रहें। भारत का दुनिया के कई देशों के साथ AEOI (Automatic Exchange of Information) और CRS समझौता है। इसके तहत विदेशी सरकारें खुद भारतीय टैक्स विभाग को डेटा भेजती हैं। हाल ही में केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने आदेश जारी किया है कि अब आपकी विदेशी संपत्तियों और आमदनी की यह जानकारी सीधे आपके AIS (Annual Information Statement) में दिखाई देगी। यानी विभाग के पास आपकी पूरी कुंडली पहले से मौजूद है, बस वो देखना चाहते हैं कि आप इसे ईमानदारी से बताते हैं या नहीं।

## 4. राहत की खबर: अनजाने में हुई गलती पर कोर्ट का बड़ा फैसला

हाल ही में चेन्नई की इनकम टैक्स ट्रिब्यूनल (ITAT) ने एक वेतनभोगी कर्मचारी को बड़ी राहत दी है, जो अनजाने में अपने विदेशी ESOP शेयर्स की जानकारी ITR में देना भूल गया था। ट्रिब्यूनल ने माना कि चूंकि कर्मचारी ने उस कमाई पर पूरा टैक्स पहले ही चुका दिया था और संपत्ति छुपाने की कोई गलत नीयत नहीं थी, इसलिए उस पर लगा ₹10 लाख का जुर्माना हटा दिया गया।

यह फैसला हम सभी के लिए एक बड़ी राहत है कि ईमानदार करदाताओं की अनजाने में हुई तकनीकी गलती पर जबरन जुर्माना नहीं ठोका जाएगा। लेकिन कोर्ट-कचहरी के चक्करों से बचने के लिए बेहतर यही है कि हम खुद ही सतर्क रहें।

## करण चावला की खास सलाह: ITR भरते समय रखें इन 3 बातों का ध्यान

### 1.ITR Form का सही चुनाव करें

अगर आपके पास कोई भी विदेशी संपत्ति है, तो गलती से भी ITR-1 (सहज) या ITR-4 (सुगम) न भरें, क्योंकि इनमें विदेशी संपत्तियों को दिखाने का कॉलम ही नहीं होता। आपको हमेशा ITR-2 या ITR-3 फॉर्म ही चुनना होगा।

### 2.Schedule FA (Foreign Assets) को जरूर

ITR फॉर्म के अंदर एक विशेष टेबल होती है जिसे Schedule FA कहते हैं। इसमें आपको अपने विदेशी खाते का नंबर, बैंक का नाम, साल भर का अधिकतम बैलेंस (Peak Balance) और खरीदे गए शेयर्स की कीमत की सटीक जानकारी देनी होती है।

### 3.कैलेंडर ईयर (Calendar Year) का फॉर्मूला याद रखें

भारतीय टैक्स व्यवस्था भले ही अप्रैल से मार्च (Financial Year) चलती है, लेकिन Schedule FA में विदेशी एसेट्स की जानकारी भरते समय कैलेंडर ईयर (1 जनवरी से 31 दिसंबर) के हिसाब से डेटा देना होता है।

निष्कर्ष: यदि आपसे पिछले रिटर्न में ऐसी कोई गलती हो गई है, तो समय रहते अपने वकील से संपर्क करें और Revised ITR (संशोधित रिटर्न) दाखिल करके उसे ठीक करें। कानून का पालन करने में ही समझदारी है, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही भी आपकी जेब पर बहुत भारी पड़ सकती है।

# इंस्पेक्टर जसबीर सिंह तूर बने जीरकपुर थाना के नए एसएचओ

जीरकपुर/यूटर्न/30 जुलाई। जीरकपुर थाना को नया थाना प्रभारी मिल गया है। पुलिस विभाग ने इंस्पेक्टर जसबीर सिंह तूर को थाना जीरकपुर का नया एसएचओ नियुक्त किया है। उनका तबादला धूरी क्षेत्र से किया गया है। वह जल्द ही अपना कार्यभार संभालेंगे। इंस्पेक्टर जसबीर सिंह तूर पुलिस सेवा का लंबा अनुभव रखते हैं। विभाग को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में शहर में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जाएगा। साथ ही अपराध नियंत्रण, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण और पुलिस-जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। तेजी से विकसित हो रहे जीरकपुर में बढ़ती आबादी, ट्रैफिक दबाव और शहरी विस्तार के चलते पुलिस के सामने कई चुनौतियां हैं। ऐसे में नए एसएचओ के सामने कानून व्यवस्था बनाए रखने, नशा तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने, संवेदनशील क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की अहम जिम्मेदारी होगी। नवनियुक्त एसएचओ जसबीर सिंह तूर ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखना होगी। उन्होंने कहा कि अपराधियों और नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा तथा पुलिस और जनता के बीच विश्वास व बेहतर तालमेल स्थापित करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।



# दीप नगर में ठेका खुलने पर लोगों ने जताया रोष

लुधियाना/यूटर्न/30 जुलाई। दीप नगर इलाके में शराब का ठेका खुलने को लेकर स्थानीय लोगों में रोष देखने को मिला। लोगों ने आरोप लगाया कि रिहायशी क्षेत्र में ठेका खुलने से क्षेत्र का माहौल प्रभावित होगा और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ेगी। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की कि रिहायशी इलाकों में इस तरह के ठेकों को खोलने से पहले लोगों की आपत्तियों पर ध्यान दिया जाए। लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध जताया और ठेका हटाने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पहले ही नशा युवा पीढ़ी को खत्म करता जा रहा है, अब ऊपर से जगह जगह ठेके खोलकर और माहौल खराब किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर संघर्ष करने को मजबूर होंगे।



# तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवारों को रौंदा, 2 की मौत, कई फीट तक घसीटा, फिर वाहन को लगी आग

खन्ना/यूटर्न/30 जुलाई। फतेहगढ़ साहिब में चंडीगढ़-सरहिंद मार्ग पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। गांव पीर जैन के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में स्कूटी सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान मनदीप सिंह, निवासी गांव कोटला बजवाड़ा, और 25 वर्षीय पूजा, निवासी गांव मानूपुर, के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मनदीप सिंह और पूजा एक-दूसरे के परिचित थे और हादसे के समय एक ही स्कूटी पर जा रहे थे। ट्रक की टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी सवार दोनों लोग कई फीट तक ट्रक के नीचे घिसटते चले गए। टक्कर के बाद स्कूटी ट्रक के नीचे फंस गई, जिससे उसमें आग लग गई। देखते ही देखते आग ट्रक के केबिन तक फैल गई और दोनों वाहन पूरी तरह जल गए।



## फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया

हादसे की सूचना मिलते ही पंजाब पुलिस की सड़क सुरक्षा फोर्स और थाना बडाली आला सिंह की पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की सहायता से आग पर काबू पाया गया। इस दौरान चंडीगढ़-सरहिंद मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने बाद में सुचारु कराया।

# पीयू रिसर्च स्कॉलर ज्योति की मौतः पोस्टमार्टम से नहीं सुलझी गुत्थी, अब हिस्टोपैथोलॉजी रिपोर्ट बताएगी मौत की असली वजह

## शरीर पर नहीं मिले करंट के सामान्य निशान, विशेषज्ञों ने अंगों के नमूने जांच के लिए भेजे

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। पंजाब यूनिवर्सिटी की माइक्रोबायोलॉजी विभाग की पीएचडी रिसर्च स्कॉलर ज्योति की मौत के मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। सेक्टर-16 स्थित सरकारी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल में डॉक्टरों के पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। विशेषज्ञ करंट लगने से मौत की पुष्टि नहीं कर पाए हैं। अब मृतका के प्रमुख अंगों को हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए जीएमसीएच-32 भेजा गया है। अंतिम पोस्टमार्टम रिपोर्ट इसी जांच के बाद जारी होगी और तभी मौत के वास्तविक कारण का खुलासा हो सकेगा।



**शरीर पर नहीं मिले करंट के सामान्य निशान...**डॉक्टरों के अनुसार, सामान्यतः इलेक्ट्रोक्यूशन (करंट लगने) से मौत के मामलों में शरीर पर करंट के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर विशेष प्रकार के निशान पाए जाते हैं। लेकिन ज्योति के शरीर पर ऐसे कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले।

हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि किसी व्यक्ति की मौत पानी में फैले करंट की चपेट में आने से हुई हो तो कई बार शरीर पर ऐसे निशान दिखाई नहीं देते। इसी संभावना को ध्यान में रखते हुए हृदय समेत अन्य प्रमुख अंगों के ऊतकों की सूक्ष्म (हिस्टोपैथोलॉजिकल) जांच कराई जा रही है। इस जांच से यह पता लगाने की कोशिश होगी कि शरीर के अंदर ऐसे कौन से बदलाव हुए, जो करंट लगने की पुष्टि कर सकें।

**पीयू प्रशासन की कार्रवाई, दो अधिकारी निलंबित...**हादसे के बाद लगातार छात्रों के विरोध-प्रदर्शन और मृतका के परिजनों के साथ हुई बैठक के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता अनिल ठाकुर और एसडीओ लखविंदर सिंह धनोआ को निलंबित कर दिया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मृतका के परिवार को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की है। इसमें 5 लाख रुपये कुलपति के विवेकाधीन कोष से और 11 लाख रुपये डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय के माध्यम से दिए जाएंगे।

**भाई को मिलेगी नौकरी...**प्रशासन ने ज्योति के भाई को इलेक्ट्रिशियन के पद पर नियुक्त करने का भी फैसला लिया है। वह 10+2 के साथ आईटीआई उत्तीर्ण हैं। उन्हें पंजाब सरकार के नियमानुसार वेतन और अन्य सेवा लाभ दिए जाएंगे।

**28 जुलाई को हुआ था हादसा...**हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के ककराला गांव की रहने वाली ज्योति पंजाब यूनिवर्सिटी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में पीएचडी कर रही थीं। 28 जुलाई की सुबह सेक्टर-25 स्थित साउथ कैंपस में संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से उनकी मौत हो गई थी।

# सफाई सेवकों के हक में जगरांव मुकम्मल बंद

## जगरांव में रोष मार्च, सरकार के खिलाफ नारेबाजीः मांगों पर संघर्ष जारी रखने का ऐलान

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/जुलाई। सफाई सेवक यूनियन पंजाब के आह्वान पर 8 जुलाई से चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल के समर्थन में गुरुवार को जगरांव शहर मुकम्मल बंद रहा। व्यापारियों, किसान-मजदूर संगठनों, सामाजिक और भाईचारे की संस्थाओं ने दुकानें और कारोबार बंद रखकर सफाई कर्मियों के संघर्ष के साथ एकजुटता प्रकट की। नगर परिषद में हुए एकत्रित सभा को संबोधित करते हुए यूनियन और विभिन्न संगठनों के नेताओं ने कहा कि सफाई कर्मियों की लड़ाई सिर्फ वेतन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह रोजगार की सुरक्षा, पक्की नौकरी, इज्जत और इंसाफ से जुड़ा मुद्दा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा किए जा रहे कुछ दावे हकीकत से मेल नहीं खाते हैं।

नेताओं ने मांग की कि ठेकेदारी प्रणाली खत्म करके समूह म्युनिसिपल कर्मियों को



पक्का किया जाए। इसके साथ ही, बरनाला घटना में जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग भी दोहराई गई। उन्होंने कहा कि मांगों की पूर्ति तक संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर नगर कौंसिल के सीनियर मीत प्रधान सतीश कुमार पप्पू समेत कई सामाजिक, किसान, मजदूर और अन्य संगठनों के नुमाइंदों ने संघर्ष को समर्थन दिया। इसके उपरांत सफाई सेवकों और भाईचारे के संगठनों ने शहर के विभिन्न बाजारों में रोष मार्च निकाला और पंजाब सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। महिला सफाई सेविकाओं ने भी रोष प्रकट किया।

यूनियन नेताओं ने ऐलान किया कि अगले दिन धरने के दौरान शहीद ऊधम सिंह का शहीदी दिवस सम्मान के साथ मनाया जाएगा।

**पुलिस प्रशासन रहा चौकसः** सफाई सेवक यूनियन पंजाब के आह्वान पर 30 जुलाई को पंजाब बंद के मद्देनजर लुधियाना ग्रामीण पुलिस द्वारा शहर में अमन-शांति और कानून-व्यवस्था की स्थिति को बरकरार रखने के उद्देश्य से शहर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी प्रकार की अनहोनी घटना को रोकने से सुचारू रूप से बचा जा सके।

# कंगना रनौत के 'गटर जेनरेशन' बयान पर बरसीं महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव ममता डोगरा

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा देश के युवाओं को ‘गटर जेनरेशन’ कहे जाने पर महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं सोशल मीडिया स्टेट कोऑर्डिनेटर ममता डोगरा ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बयान देश के करोड़ों युवाओं का अपमान है और भाजपा की युवा विरोधी सोच को उजागर करता



है। ममता डोगरा ने कहा, ‘देश का युवा अपनी मेहनत, प्रतिभा और संघर्ष से भारत का भविष्य बना रहा है। ऐसे युवाओं को 'गटर जेनरेशन' कहना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

भाजपा नेताओं को युवाओं का सम्मान करना सीखना चाहिए, क्योंकि यही युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं।’ उन्होंने आगे कहा कि जब देश के युवा शिक्षा, रोजगार और बेहतर भविष्य की मांग कर रहे हैं, तब उन्हें अपमानित करने वाले बयान देना जनता की भावनाओं का अनादर है। ममता डोगरा ने कंगना रनौत से देश के युवाओं से बिना शर्त माफी मांगने की मांग करते हुए कहा कि सार्वजनिक जीवन में रहने वाले लोगों को अपनी भाषा और मर्यादा का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

# एमसी हाउस में मुफ्त पानी से लेकर वित्तीय पारदर्शिता तक गरजेगी कांग्रेस, 20 हजार लीटर पानी के मुद्दे पर प्रशासन को फिर घेरेगी



चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ नगर निगम की आगामी हाउस मीटिंग से पहले कांग्रेस ने जनहित के मुद्दों को लेकर अपनी रणनीति तैयार कर ली है। गुरुवार को आयोजित कांग्रेस पार्षद दल की प्री-हाउस बैठक में निर्णय लिया गया कि सदन में एक बार फिर प्रत्येक परिवार को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी उपलब्ध कराने की मांग प्रमुखता से उठाई जाएगी। इसके साथ ही शहर में पेयजल संकट, सीवरेज व्यवस्था, सड़कों की बदहाली, पार्कों के रखरखाव, स्वच्छता और नगर निगम की वित्तीय पारदर्शिता जैसे कई अहम मुद्दों पर भी प्रशासन से जवाब मांगा जाएगा। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि 20 हजार लीटर मुफ्त पानी का प्रस्ताव नगर निगम सदन दो बार पारित कर चुका है, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन ने आज तक इसे लागू नहीं किया। नेताओं का कहना था कि यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, बल्कि चंडीगढ़ के लाखों परिवारों से जुड़ा जनहित का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में पारित प्रस्तावों की लगातार अनदेखी लोकतांत्रिक व्यवस्था और जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ है।

### ‘मुफ्त पानी जनता का अधिकार’

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहर में बढ़ती महंगाई के बीच हर परिवार को 20 हजार लीटर मुफ्त पानी उपलब्ध कराना जरूरी है। उनका कहना था कि प्रशासन को सदन के निर्णयों का सम्मान करते हुए इस योजना को तत्काल लागू करना चाहिए। पार्टी ने साफ किया कि जब तक यह सुविधा लागू नहीं होती, तब तक इस मुद्दे को सदन के भीतर और बाहर लगातार उठाया जाएगा।

# चंडीगढ़ के पार्क बनेंगे ‘स्पोर्ट्स हब’, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र और ओपन जिम विकसित करेगा नगर निगम



चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ के पार्क अब केवल सैर-सपाटे तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उन्हें खेल और फिटनेस गतिविधियों का केंद्र बनाया जाएगा। नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समिति (एफएंडसीसी) की बैठक में शहर के पार्कों में खेल सुविधाओं के विस्तार और बच्चों के लिए नए प्ले एरिया विकसित करने की दिशा में अहम फैसले लिए गए। मेयर सौरभ जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में वार्ड-23 के पार्कों में बास्केटबॉल और वॉलीबॉल कोर्ट के पुनर्विकास के लिए 15.31 लाख रुपये के कार्य को मंजूरी दी गई। इस परियोजना के तहत खेल मैदानों की सतह, खेल सुविधाओं और अन्य आवश्यक ढांचे को आधुनिक बनाया जाएगा, जिससे युवाओं और बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं मिल सकें।

### हर सेक्टर के पार्क में बनेगा बच्चों का खेल क्षेत्र

बैठक के दौरान मेयर सौरभ जोशी ने इंजीनियरिंग और बागवानी (हॉर्टिकल्चर) शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर के सभी सेक्टरों के पार्कों में चरणबद्ध तरीके से बच्चों के लिए खेल क्षेत्र विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि पार्कों को परिवारों और बच्चों के लिए अधिक आकर्षक और उपयोगी बनाया जाना चाहिए ताकि बच्चे मोबाइल और स्क्रीन से दूर रहकर आउटडोर गतिविधियों में भाग लें।

# 30 जुलाई को पंजाब बंद की कॉल का मिला जुला असर, अमृतसर में मुलाजिम की मौत, लुधियाना में जबरन बंद करवाए ऑफिस

पंजाब/यूटर्न/30 जुलाई। बरनाला में प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों पर पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में वाल्मीकि समाज ने गुरुवार 30 जुलाई को पंजाब बंद का आन किया था। समाज ने बाजार, स्कूल, कॉलेज, मॉल और अन्य संस्थानों को बंद रखने की अपील की। हालांकि इस दौरान कई शहरों में इस कॉल का असर नहीं देखने को मिला। जिसके चलते समाज के लोगों द्वारा जबरन ऑफिस बंद करवाए गए। इस विरोध के कारण वीरवार को राज्य में काफी बवाल हुआ। अमृतसर में भंडारी पुल पर तैनात एंटी राइट पुलिस (एआरपी) के जवान रणबीर सिंह की मौत हो गई। वह इमरजेंसी कॉल पर घर जा रहे थे। इसी दौरान भंडारी पुल को प्रदर्शनकारियों ने जाम कर दिया था। पुल पर लगाई रस्सी में उनका गला फंस गया और वह स्कूटी से गिर गए। रस्सी से गला घुटने से उनकी मौत हो गई। वाल्मीकि समाज के लोग रॉड, डंडे लेकर लोगों को आवाजाही करने से रोकते रहे।



अमृतसर में प्रदर्शन करते वाल्मीकि समाज के लोग



लुधियाना में दुकानें बंद करवाने पहुंचे लोग

## पठानकोट में निगम ऑफिस को जड़ा ताला

पठानकोट में सफाईकर्मियों ने निगम दफ्तर पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। यहां रैली निकालकर दुकानों को जबरन बंद करवाया गया। वहीं, जालंधर में बंद का असर नहीं था, लेकिन सफाईकर्मी निगम परिसर में धरना लगाकर प्रदर्शन किया। महिलाकर्मियों ने सीएम के पुतले पर चप्पलें मारीं।

## लुधियाना में जबरन बंद करवाए ऑफिस

बता दें कि 30 जुलाई को पंजाब बंद की कॉल का लुधियाना में असर देखने को नहीं मिला। समाज के नेता विजय दानव द्वारा बंद की कॉल का समर्थन करने से इंकार कर दिया गया। वहीं कुछ नेताओं ने विरोध जारी रखा। जिसके चलते समाज के लोग भारी मात्रा में फिरोजगांधी मार्केट व घुमारमंडी पहुंचे। जहां जबरन ऑफिस और शॉप बंद करवाई गई। इस दौरान घुमारमंडी में एक शॉप के शीशे टूट गए। वहीं फिरोजगांधी मार्केट में ऑफिस बंद करवाए, जबकि के-10 टावर में मौजूद कई लोग खुद ही अपने ऑफिस बंद कर भाग निकले।

# जी.एच.जी अकादमी में चमके नन्हे हुनरमंद

## ओरिगामी एक्टिविटी में बच्चों ने बिखेरे कल्पना के रंग

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/जुलाई। जी.एच.जी अकादमी, जगरांव में पहली और दूसरी कक्षा के नन्हे-मुन्ने छात्रों के लिए एक विशेष और बेहद आकर्षक ओरिगामी (कागज मोड़ने की कला) एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस रचनात्मक सत्र के दौरान बच्चों ने अपनी कल्पना और उंगलियों के कमाल से रंग-बिरंगे कागजों को शानदार आकृतियों में ढालकर सबको अचंभित कर दिया।

'साधारण कागज से असाधारण कृतियां: बच्चों ने साबित किया कि हुनर को किसी बड़े साधन की नहीं, बल्कि सच्ची रचनात्मकता की जरूरत होती है।'



### स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों की सराहना

नन्हे कलाकारों के इस शानदार प्रदर्शन और उत्साह को देखकर स्कूल प्रबंधन ने उनकी भरपूर प्रशंसा की। स्कूल के अध्यक्ष गुरमेल सिंह मल्ही और प्रिंसिपल रमनजोत कौर ग्रेवाल ने बच्चों की इस सक्रिय भागीदारी पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधियां बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को बाहर निकालने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में बेहद अहम भूमिका निभाती हैं। इस सफल आयोजन के लिए उन्होंने न सिर्फ नन्हे छात्रों की पीठ थपथपाई, बल्कि इसमें पूरी तन्मयता से सहयोग देने वाले शिक्षकों के प्रयासों की भी सराहना की।

### बच्चों के विकास में मददगार रचनात्मक पहल

इस एक्टिविटी का मुख्य उद्देश्य केवल बच्चों का मनोरंजन करना नहीं, बल्कि उनके समग्र विकास को गति देना था। कागज को अलग-अलग तरीकों से मोड़ने की इस प्रक्रिया से छात्रों में निम्नलिखित लाभ देखे गए। हाथ और आँखों का बेहतर तालमेल: बच्चों ने अपनी एकाग्रता का परिचय देते हुए सटीकता से कागज को मोड़ा। सूक्ष्म मोटर कौशल (Fine Motor Skills) का विकास: उंगलियों की नन्हीं गतिविधियों ने बच्चों की पेशीय मजबूती और कौशल को निखारा।

**कल्पना शक्ति में विस्तार:** बच्चों ने अपनी सोच के अनुसार विभिन्न आकृतियों को रूप दिया, जिससे उनकी सृजनात्मकता को पंख लगे।

# वार्ड 29 से रोहित एवं रवि बिरला ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ के वार्ड नंबर 29 में आम आदमी पार्टी को उस समय नई मजबूती मिली, जब रोहित एवं रवि बिरला ने आधिकारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता और करीब 100 समर्थक मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने के बाद रोहित बिरला ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यह उनके जीवन के महत्वपूर्ण और यादगार पड़ावों में से एक है। उन्होंने अपने आदरणीय नेताओं, परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों, समर्थकों और शुभचिंतकों का भी धन्यवाद किया। रोहित बिरला ने कहा कि समर्थकों का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और वह पूरी ईमानदारी, समर्पण और विनम्रता के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन 5 अगस्त को माननीय मुख्यमंत्री भगवंत मांजी के घर पर विरोध प्रदर्शन करेगी

(सोनू टुटेजा)

पंजाब/यूटर्न/30 जुलाई। सरकार आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स की मांगें पूरी करे। आज यहां प्रेस को एक बयान जारी करते हुए, ब्लॉक अध्यक्ष बठिंडा लीला वती ने कहा कि ऑल पंजाब आंगनवाड़ी वर्कर्स यूनियन द्वारा अपनी सही और जायज मांगों के लिए चल रहे संघर्ष के तहत, संगरूर में मुख्यमंत्री के घर के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स भाग लेंगे। आंगनवाड़ी वर्कर्स और हेल्पर्स की मांग है कि आंगनवाड़ी सेंटरों से छीने गए बच्चों को वापस आंगनवाड़ी सेंटरों में भेजा जाए और आंगनवाड़ी वर्कर्स को प्री-नर्सरी टीचर का दर्जा दिया जाए और हेल्पर्स को फोर्थ-ग्रेड कर्मचारी घोषित किया जाए। सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, पंजाब सरकार अपने वादे के मुताबिक आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों का मानदेय दोगुना करे, NGOs के सहारे चल रहे तीन ब्लॉकों का नोटिफिकेशन तुरंत लागू किया जाए, आंगनवाड़ी सेंटरों को सप्लाई किया जा रहा घटिया क्वालिटी का राशन बंद किया जाए और प्राइवेट कंपनियों और NGOs की जगह सीधे आंगनवाड़ी सेंटरों को राशन सप्लाई किया जाए और आंगनवाड़ी सेंटरों में राशन पकाया जाए। आंगनवाड़ी वर्करों को रिटायरमेंट पेंशन दी जाए, आंगनवाड़ी वर्कर हेल्परों को दी जा रही एक्स ग्रेशिया ग्रांट वर्करों के लिए 3 लाख और हेल्परों के लिए 2 लाख रुपये की जाए, आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक ग्रेच्युटी का फायदा दिया जाए, आंगनवाड़ी हेल्पर से वर्कर के पद पर प्रमोशन के लिए पढ़ाई और मैट्रिक और अनुभव का समय तीन साल किया जाए।



# सेक्टर-26 में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव, 300 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



पंचकूला/यूटर्न/30 जुलाई। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-26 में गुरुवार को पिंजौर खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिंजौर ब्लॉक के 30 विद्यालयों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया और हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। उत्सव में समूह लोक नृत्य, एकल लोक नृत्य, रागिनी और नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम पंचकूला चंद्रकांत कटारिया ने दीप प्रज्वलित कर उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी प्रतिभा पहचानने, उसे निरंतर निखारने, मेहनत करने और जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया। जिला शिक्षा अधिकारी संध्या छिक्कारा ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने चयनित प्रतिभागियों को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बेहतर तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही प्रधानाचार्य संजीव अग्रवाल, सांस्कृतिक उत्सव की समन्वयक दीपा रानी और विद्यालय स्टाफ को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। फोक डांस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से आठवीं वर्ग में सार्थक मॉडल विद्यालय, सेक्टर-12ए ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कक्षा नौवीं से बारहवीं वर्ग में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-26 प्रथम रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन सुशील शर्मा ने किया।

# चंडीगढ़ में पेड पार्किंग के संचालन में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों की होगी भागीदारी, एमसी ने शुरू की कवायद

## संयुक्त आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक, सेक्टर-7, 8, 9 और 20 की मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों से मांगे गए सुझाव

चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर की चुनिंदा पेड पार्किंग साइटों के संचालन और प्रबंधन में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों की भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में पहल शुरू कर दी है। इसी उद्देश्य से गुरुवार को संयुक्त आयुक्त-क्कइंद्रजीत की अध्यक्षता में एक परामर्श बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्किंग शाखा के एसडीई, सुपरिंटेंडेंट ग्रेड-1, जूनियर इंजीनियरों के अलावा सेक्टर-7, 8, 9 और 20 की मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों के अध्यक्ष शामिल हुए।



बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त इंद्रजीत ने नगर निगम के प्रस्ताव की जानकारी देते हुए कहा कि चयनित पेड पार्किंग स्थलों के संचालन में संबंधित मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों को शामिल करने का उद्देश्य पार्किंग व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित बनाना, रखरखाव में सुधार करना, आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और नागरिक सेवाओं में हितधारकों की भागीदारी बढ़ाना है। मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने नगर निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर पहले अपनी-अपनी कार्यकारिणी समितियों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की जाएगी।

प्रतिनिधियों ने बताया कि विचार-विमर्श के बाद वे अपने सुझाव और राय औपचारिक रूप से नगर निगम को सौंपेंगे, ताकि अंतिम निर्णय लेने से पहले उन पर विचार किया जा सके। संयुक्त आयुक्त इंद्रजीत ने कहा कि नगर निगम पारदर्शी और सहभागी निर्णय प्रक्रिया के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मार्केट वेलफेयर एसोसिएशनों से प्राप्त सभी सुझावों और अभ्यावेदनों पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही पेड पार्किंग के नए प्रबंधन मॉडल पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक का समापन पार्किंग प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शहर के निवासियों, व्यापारियों और आगंतुकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आपसी सहयोग और संवाद जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# लुधियाना से हेरोइन लाकर चंडीगढ़-मोहाली में छात्रों तक पहुंचा रहा था नशा, 12.07 ग्राम हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

## सारंगपुर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई; पूछताछ में सप्लाई नेटवर्क का खुलासा, आरोपी पहले भी कई मामलों में रह चुका है शामिल

अजीत झा

चंडीगढ़ /यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक अहम सफलता हासिल करते हुए धनास स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के एक युवक को 12.07 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर खुलासा किया है कि वह पंजाब के लुधियाना और मिरांडा क्षेत्र से कम कीमत पर हेरोइन खरीदकर चंडीगढ़ और मोहाली में ऊंचे दामों पर बेचता था। पुलिस के अनुसार उसकी सप्लाई का निशाना शहर की कॉलोनियों के साथ-साथ छात्र भी थे। अब पुलिस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने और इसमें शामिल अन्य तस्करों तक पहुंचने में जुट गई है। यह कार्रवाई एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशन तथा एसडीपीओ सेंट्रल सुखविंदर पाल सिंह सोंधी और थाना सारंगपुर के प्रभारी इंस्पेक्टर अशोक कुमार की निगरानी में गठित विशेष टीम ने गश्त और विशेष चेकिंग अभियान के दौरान की।






### गश्त के दौरान पकड़ा गया आरोपी

पुलिस टीम ने धनास स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय अभिषेक उर्फ काका को संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर रोका। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 12.07 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। बरामदगी के बाद थाना सारंगपुर में एफआईआर नंबर 68, दिनांक 28 जुलाई 2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

### पूछताछ में खुला सप्लाई नेटवर्क

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कथित तौर पर बताया कि वह लुधियाना और मिरांडा क्षेत्र से सस्ते दामों पर हेरोइन खरीदकर चंडीगढ़ लाता था। इसके बाद वह शहर की विभिन्न कॉलोनियों और मोहाली क्षेत्र में ऊंचे दामों पर इसकी सप्लाई करता था। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि आरोपी छात्रों तक भी नशा पहुंचाने की कोशिश करता था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी किन-किन लोगों के संपर्क में था और उसके नेटवर्क में कितने अन्य तस्कर शामिल हैं।

### आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभिषेक उर्फ काका पहले भी कानून के शिकंजे में आ चुका है। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम, चोरी, मारपीट और आपराधिक धमकी जैसे मामलों में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। इससे पुलिस को संदेह है कि वह लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है।

### न्यायिक हिरासत में भेजा गया आरोपी

गिरफ्तारी के बाद आरोपी को 29 जुलाई को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपी से मिले इनपुट के आधार पर नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में कार्रवाई तेज कर दी गई है।

# चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन ने नए एसडीपीओ (सेंट्रल) एस.पी.एस. सोंधी का किया स्वागत



चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन (रजि.), सेक्टर-17 के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को पुलिस उपाधीक्षक (सेंट्रल) का कार्यभार हाल ही में संभालने वाले एस.पी.एस. सोंधी से उनके सेक्टर-17 स्थित कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलजीत सिंह पंछी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने एस.पी.एस. सोंधी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान व्यापारियों और पुलिस अधिकारियों के बीच शहर में कानून-व्यवस्था, बाजारों की सुरक्षा तथा व्यापारियों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने को लेकर भी चर्चा हुई। एसोसिएशन ने विश्वास जताया कि एस.पी.एस. सोंधी के नेतृत्व में सेक्टर-17 सहित शहर के बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत होगी तथा व्यापारियों की समस्याओं का प्रभावी समाधान होगा। इस अवसर पर चंडीगढ़ ट्रेडर्स एसोसिएशन के सचिव रविंदर नाथ सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य भी उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ में बिजली सुरक्षा पर एमसी का बड़ा अभियान, खुले तार और खराब स्ट्रीट लाइटें तत्काल दुरुस्त



चंडीगढ़/यूटर्न/30 जुलाई। चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर में विद्युत सुरक्षा को मजबूत करने के लिए व्यापक अभियान चलाते हुए स्ट्रीट लाइट पोल, बिजली की वायरिंग और संबंधित विद्युत ढांचे की विशेष जांच शुरू की है। अभियान के दौरान खुले बिजली के तार, क्षतिग्रस्त कनेक्शन और खराब स्ट्रीट लाइटों को तुरंत दुरुस्त किया गया, जबकि संभावित हादसों को रोकने के लिए संवेदनशील तारों की इंसुलेशन और विशेष टेपिंग भी की गई। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, के निर्देश पर बिजली शाखा की टीमों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण अभियान चलाया। जांच के दौरान जहां भी खुले (न्यूड) तार, क्षतिग्रस्त बिजली कनेक्शन या खराब स्ट्रीट लाइटें मिलीं, उन्हें मौके पर ही ठीक किया गया।

### टूटे पोल कवर और जंक्शन बॉक्स भी बदले

अभियान के तहत बिजली के पोल और जंक्शन बॉक्स के टूटे या चोरी हुए कवर भी बदले गए। नगर निगम का कहना है कि इससे राहगीरों और वाहन चालकों के करंट की चपेट में आने जैसी दुर्घटनाओं की आशंका कम होगी और सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी।

### हादसों की रोकथाम पर विशेष जोर

एमसी अधिकारियों के अनुसार, इस अभियान का उद्देश्य केवल स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाना ही नहीं, बल्कि विद्युत दुर्घटनाओं की संभावनाओं को भी न्यूनतम करना है। बारिश के मौसम को देखते हुए बिजली के ढांचे की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### नियमित निरीक्षण जारी रहेगा

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी के तहत शहर में बिजली संबंधी ढांचे का नियमित निरीक्षण और समय-समय पर आवश्यक मरम्मत कार्य लगातार जारी रहेगा, ताकि चंडीगढ़ में सुरक्षित और बेहतर नागरिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें।

# स्वतंत्रता दिवस पर सीएम मान फिरोजपुर, वित्त मंत्री चीमा लुधियाना में फहराएंगे तिरंगा

पंजाब/यूटर्न/30 जुलाई। पंजाब सरकार ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के जिला और राज्यस्तरीय समारोहों के लिए मुख्य अतिथियों की आधिकारिक सूची जारी कर दी है। इस बार स्वतंत्रता दिवस का राज्य स्तरीय समागम फिरोजपुर में आयोजित किया जाएगा, जहां पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। वहीं, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा लुधियाना के पीएयू ग्राउंड में तिरंगा फहराएंगे और परेड की सलामी लेंगे। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, सभी जिलों के लिए मंत्रियों और विधानसभा अध्यक्षों की ड्यूटी



लगा दी गई है। इसके अलावा स्पीकर कुलतार सिंह संधवां रूपनगर, डिप्टी स्पीकर जय कृष्ण रौड़ी तरनतारन, कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा अमृतसर, डॉ. बलजीत कौर गुरदासपुर, डॉ. बलबीर सिंह मालेरकोटला, लाल चंद फाजिल्का, हरजोत सिंह बैंस शहीद भगत सिंह नगर (नवांशहर), हरभजन सिंह एस.ए.एस. नगर, गुरमीत सिंह खुड्डियां पटियाला, डॉ. रवजोत सिंह होशियारपुर, बरिंदर कुमार गोयल बरनाला, हरदीप सिंह मुंडियां बठिंडा, तरुनप्रीत सिंह सोंद संगरूर, मोहिंदर भगत जालंधर में तिरंगा फहराएंगे।

# पंजाब रोडवेज कर्मियों का फूटा गुस्सा

## धूरी और बरनाला में लाठीचार्ज के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/जुलाई। पंजाब रोडवेज कर्मचारी दल की ओर से 30 जुलाई को पंजाब रोडवेज जगरांव डिपो के गेट पर रोष रैली निकाली गई। यह विरोध प्रदर्शन धूरी में मनरेगा कर्मियों और बरनाला में सफाई कर्मियों पर किए गए कथित गैर-मनुष्य तशद्दुद (अत्याचार) और लाठीचार्ज के खिलाफ किया गया।



**मुख्यमंत्री का पुतला दहन:** कर्मचारियों ने रोष प्रदर्शन के दौरान पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला फूंका और सरकार की दमनकारी नीतियों की कड़ी निंदा की।

**जायज संघर्षों का समर्थन:** वक्ताओं ने कहा कि अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे कर्मचारियों पर पंजाब सरकार द्वारा किया गया लाठीचार्ज बेहद घटिया रवैया है, जिसका खामियाजा सरकार को 2027 के चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

**पुराने वादों से मुकरने का आरोप:** डिपो अध्यक्ष गुरजीत सिंह व अन्य वक्ताओं ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार मुलाजिमों के साथ हठधर्मिता अपना रही है। सरकार पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, कच्चे मुलाजिमों को पक्का करने जैसे अपने चुनावी वादों से मुकर चुकी है।

**डीए और अन्य मांगें:** जनरल सचिव मनजीत सिंह ने संबोधित करते हुए बताया कि सरकार ने मुलाजिमों का 18% डीए (महंगाई भत्ता) अभी तक नहीं दिया है।

**आगामी आंदोलन की चेतावनी:** पंजाब मुलाजिम और पेंशनर्स सांझा फ्रंट तथा सांझा मुलाजिम मंच के बैनर तले 7 अगस्त को होने वाले संघर्ष में मुलाजिमों को भारी संख्या में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया।

गेट रैली के दौरान बलवीर चंद, सुखजिंदर सिंह, निर्मल सिंह, रविंदर कौर, गुरपिंदर कौर, मंजू खत्री, गुरपिंदर सिंह, मनजिंदर सिंह, इक खपाल सिंह, केवल सिंह, बग्गा सिंह, इंद्रजीत सिंह, मोहिंदर कुमार, अमरजीत सिंह मथु, लखवीर सिंह सहित भारी संख्या में वर्कर उपस्थित रहे।

# विदेश भेजने का अंधाधुंध क्रेज और फर्जी शादियां उजाड़ रही हैं घर

## स्टडी वीजा, लव मैरिज: पुलिस के सामने आ रहे धोखे के मामलों ने खोली समाज की पोल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/30/जुलाई। लुधियाना ग्रामीण पुलिस ने विदेश जाने के क्रेज और कम उम्र की फर्जी शादियों को लेकर समाज को गंभीर चेतावनी दी है। एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता के निर्देश पर डीएसपी (डी) सागर बलाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि आज लोग बच्चों को विदेश भेजने के लालच में उनका अच्छा-बुरा भूल चुके हैं। उन्होंने चिंता जताई कि थानों और कचहरियों में आने वाली 80 प्रतिशत से अधिक शिकायतें नए विवाहित जोड़ों और लव मैरिज से जुड़ी होती हैं।

**कागजी शादियां:** विदेश भेजने के लालच में कम उम्र में पेपर मैरिज (कागजी विवाह) करवाने से युवाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



**वीजा धोखाधड़ी:** स्टडी वीजा पर लाखों खर्च कर पार्टनर को विदेश भेजने के बाद कई मामलों में लोग जवाब बदल देते हैं। ऐसे धोखे लड़के और लड़की दोनों पक्षों की तरफ से सामने आ रहे हैं, जिससे लोग अपनी गाढ़ी कमाई गंवाकर कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटते हैं।

**एजेंटों की जांच:** किसी भी इमीग्रेशन कंसल्टेंट की विश्वसनीयता और रिकॉर्ड की पूरी जांच किए बिना और बिना लिखित सबूत के मौखिक वादों पर भरोसा न करें।

**संस्थानों की सत्यता:** जिस कॉलेज या यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया जा रहा है, उसकी मान्यता, कोर्स और वीजा दस्तावेजों की प्रामाणिकता की पूरी पड़ताल बेहद जरूरी है। गलत दस्तावेज भविष्य में कानूनी मुश्किलें पैदा कर सकते हैं।

**मानसिक और व्यावहारिक तैयारी:** विदेश भेजने से पहले बच्चे को वहां के स्थानीय कानूनों, वित्तीय प्रबंधन और मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए तैयार करें। माता-पिता से नियमित संपर्क उसकी सुरक्षा के लिए जरूरी है।

**पुलिस की पहल:** डीएसपी सागर बलाल ने बताया कि लुधियाना ग्रामीण पुलिस लोगों की शिकायतों को पूरी गंभीरता से सुनती है।

# कृति सेनन ने कभी नहीं सोचा था कि बनेंगी अभिनेत्री



कृति सेनन के अभिनय सफर की शुरूआत घर पर बहन नूपुर द्वारा किए गए एक साधारण फोटोशूट से हुई। इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाली कृति ने कॉलेज तक अभिनेत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था। दोस्तों की सलाह पर उन्होंने मॉडलिंग में किस्मत आजमाई और ऑनलाइन प्रतियोगिता जीत ली। इसके बाद डब्बू रत्नानी के साथ पोर्टफोलियो शूट ने उनके मॉडलिंग करियर को नई दिशा दी। साल 2014 में उन्होंने तेलुगु फिल्म 1: नेनोक्काडाइन और हिंदी फिल्म हीरोपंती से अभिनय की शुरूआत की। बरेली की बर्फी, लुका छुपी, क्रू और दो पत्ती जैसी फिल्मों से उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। फिल्म मिमी में दमदार अभिनय के लिए कृति सेनन को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और फिल्मफेयर सम्मान मिला।

# अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' का शक्ति प्रदर्शन: राजीव लवली के नेतृत्व में जगरांव से चंडीगढ़ पहुंचा विशाल काफिला

## कड़कती धूप और पुलिस बैरिकेड्स भी नहीं रोक पाए जुझारू साथियों के कदम, सीएम आवास घेराव में भरी हुंकार

-चरणजीत सिंह चन्न-



जगरांव/यूटर्न/30/जुलाई। अकाली दल 'वारिस पंजाब दे' के आह्वान पर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास के घेराव के लिए आयोजित विशाल रोष प्रदर्शन में हलका जगरांव से पार्टी के मुख्य सेवादार राजीव लवली के नेतृत्व में एक प्रभावशाली और बड़ा काफिला पहुंचा। भारी संख्या में पहुंचे कार्यकताओं की मौजूदगी ने इस आंदोलन में विशेष आकर्षण पैदा किया और पार्टी के बढ़ते जनाधार को स्पष्ट रूप से दशार्या।

राजीव लवली की अगुवाई में पहुंचे कार्यकताओं ने पार्टी के झंडों और जोशीले नारों के साथ सरकार के खिलाफ जोरदार रोष प्रकट किया। जब प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री आवास की ओर बढ़ने का प्रयास किया, तो पुलिस द्वारा लगाए गए बैरिकेड्स के बावजूद वे डटे रहे। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प और धक्का-मुक्की भी हुई, जिससे माहौल काफी गर्मा गया।

इस दौरान भीषण गर्मी और तीखी धूप भी कार्यकताओं के हौसले को नहीं डिगा पाई। किसी भी कार्यकर्ता ने मौसम की परवाह किए बिना पार्टी के इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने में पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

प्रदर्शन के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए राजीव लवली ने कहा कि जगरांव के जुझारू साथियों ने यह साबित कर दिया है कि जनता अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए हमेशा तैयार है। उन्होंने कहा कि यह विशाल जनसमूह इस बात का स्पष्ट संदेश देता है कि पंजाब की जनता मौजूदा सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है।

राजीव लवली ने सभी साथियों का आभार व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि यदि सरकार ने लोगों की जायज मांगों को अनसुना किया, तो ह्यवारिस पंजाब देह्ल का यह संघर्ष और अधिक व्यापक स्तर पर जारी रहेगा।

# जीरकपुर में पंजाब बंद का व्यापक असर, बाजार रहे बंद, गंदगी से बढ़ी लोगों की चिंता

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी, सरकार से वार्ता बेनतीजा; आज फिर बैठक की उम्मीद




जीरकपुर/यूटर्न/30 जुलाई। म्युनिसिपल काउंसिल कर्मचारी ज्वाइंट एक्शन कमेटी और वाल्मीकि समाज के आह्वान पर गुरुवार को हुए पंजाब बंद का जीरकपुर में व्यापक असर देखने को मिला। शहर के अधिकांश बाजार बंद रहे और छोटे व्यापारियों के साथ-साथ कई बड़े ब्रांडों के शोरूम भी दिनभर बंद रहे। प्रमुख बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और सामान्य कारोबार प्रभावित हुआ।

सफाई कर्मचारी यूनियन अपनी लंबित मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। यूनियन की प्रमुख मांगों में आउटसोर्स कर्मचारियों को नियमित करना, ठेका प्रणाली से जुड़े कर्मचारियों को स्थायी सेवाएं देना तथा बरनाला में प्रदर्शन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज के मामले में संबंधित डीएसपी, एसएचओ और अन्य पुलिस कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उन्हें सेवा से बर्खास्त करना शामिल है। हड़ताल के बीच सरकार और कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन कोई ठोस सहमति नहीं बन सकी। अब 31 जुलाई को प्रस्तावित बैठक से समाधान की उम्मीद जताई जा रही है। कर्मचारी संगठनों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

इधर, हड़ताल का सबसे ज्यादा असर शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ा है। कई दिनों से कूड़ा न उठने के कारण विभिन्न इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। लगातार बारिश के कारण इन स्थानों से दुर्गंध उठने लगी है, जिससे स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ गई है। नागरिकों ने आशंका जताई है कि यदि जल्द कूड़ा नहीं उठाया गया तो गंदगी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने सरकार और कर्मचारी संगठनों से जल्द बातचीत के जरिए समाधान निकालने की अपील की है।

# नगर परिषद ने नहीं सुनी, तो पार्षद ने निजी खर्च से बनवाई सड़क

### बलटाना की गिल कॉलोनी में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क की कराई मरम्मत, लोगों ने जताया आभार



जीरकपुर/यूटर्न/30 जुलाई। बलटाना स्थित गिल कॉलोनी में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क से परेशान लोगों को आखिरकार राहत मिल गई। नगर परिषद को कई बार शिकायतें देने के बावजूद जब सड़क की मरम्मत नहीं हुई तो वार्ड नंबर-5 के पार्षद करमजीत सिंह चौहान ने अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत करवा दी। जानकारी के अनुसार पीर बाबा रोड स्थित गिल कॉलोनी में मकान नंबर-56 के सामने सड़क काफी समय से टूटी हुई थी। स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद जीरकपुर को शिकायत संख्या 20260766877 सहित कई बार शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। सड़क पर गड्ढों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। नगर परिषद की ओर से कार्रवाई नहीं होने पर पार्षद करमजीत सिंह चौहान ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अपने निजी खर्च से सड़क की मरम्मत शुरू करवाई। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। क्षेत्रवासियों ने पार्षद के इस कदम की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि ने लोगों की समस्या को गंभीरता से लिया और बिना देरी समाधान कराया। उन्होंने नगर परिषद से भी क्षेत्र की अन्य बुनियादी समस्याओं का स्थायी समाधान करने की मांग की, ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी परेशानियों का सामना न करना पड़े।


# बलटाना के सरकारी स्कूल में 25 विद्यार्थियों को बांटी स्टेशनरी किटें



जीरकपुर/यूटर्न/30 जुलाई। सामाजिक संस्था पुकार-द वॉयस ऑफ ह्यूमैनिटी की ओर से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बलटाना में 10वां स्टेशनरी वितरण अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान आर्थिक रूप से कमजोर 25 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, नोटबुक, पेन, पेंसिल सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री से युक्त स्टेशनरी किटें वितरित की गईं। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी पढ़ाई में सहयोग देना है। उन्होंने बताया कि संस्था अब तक जीरकपुर और डेराबस्सी क्षेत्र के 10 सरकारी विद्यालयों में सैकड़ों विद्यार्थियों तक स्टेशनरी किटें पहुंचा चुकी है।

# मौत के खतरे में भगवान की तरह बनी एप्पल वॉच.. अमेरिका के सिनसिनाटी में बेटी के तोहफे ने बचाई पिता की जान

-नवीन गोगना-



न्यूयॉर्क/यूटर्न/30 जुलाई। अमेरिका में एक ऐसी घटना घटी जिसने साबित कर दिया कि तकनीक से भी लोगों की जान बचाई जा सकती है। जब बेटी द्वारा अपने पिता को उपहार में दी गई एप्पल वॉच ने मौत की कगार पर खड़े एक पिता की जान बचाई।

घड़ी के गिरने का पता लगाने वाले फीचर ने समय पर प्रतिक्रिया दी और उन्होंने आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया, और उन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता मिली। यह घटना तब हुई जब अमेरिका के ओहियो के सिनसिनाटी निवासी मोहम्मद इस्लाम घर पर अकेले थे। वह घर के बाहर कूड़ा फेंकने गया था, तभी अचानक गिरकर बेहोश हो गया। हालाँकि कुछ देर बाद उसे होश आ गया, लेकिन वह फिर से जमीन पर गिर पड़ा और फिर उठ नहीं पाया।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372